Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 108 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



नागरिक आदर्शवान और अनुशासित होना चाहिये, हमारा देश निश्चित विकास करेगा।
Our country would Certainly develop it our citizens submit the mselves to idealism and discipline.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### नए मुख्यमंत्री निवास से विष्णुदेव साय ने की काम की शुरुआत

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर स्थित नए मुख्यमंत्री निवास से गुरुवार को अपने काम-काज की शुरुआत की. इस बात की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह प्रदेश की 3 करोड़ जनता का निवास है, जिसके दरवाजे जनहित के लिए सदैव खुले हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के औपचारिक तौर पर नए निवास से कामकाज शुरू करने से पहले इसके पहले मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों सचिव दयानंद, राहुल भगत, बसव राजू, ओएसडी उमेश अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। बता दें कि इसके पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवरात्रि के पावन अवसर पर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर नवा रायपुर में नवनिर्मित नए मुख्यमंत्री निवास में गृहप्रवेश किया था.

### वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग में थोक में तबादला

**रायपुर (आरएनएस)।** वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार आबकारी विभाग में पदस्थ विभिन्न अफसरों को नई पदस्थापना दी गई है। इनमें 34 उपायुक्त, सहायक आयुक्त आबकारी और जिला आबकारी अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इनमें भी 16 उपायुक्त और सहायक आयुक्त आबकारी के अलावा 13 जिला आबकारी अधिकारियों का नाम शामिल है।

## राजकीय सम्मान के साथ उद्योगपति रतन टाटा का हुआ अंतिम संस्कार

**रतन टाटा को गन सैल्यूट के साथ दी गई अंतिम विदाई**





**मुंबई (आरएनएस)।** दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का मुंबई के वर्ली श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, गुजरात सीएम भूपेंद पटेल, देवेंद्र फणनवीस, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल समेत अन्य दिग्गज मौजूद रहे। रतन टाटा को गन सैल्यूट के साथ अंतिम विदाई दी गई।

उनका पार्थिव शरीर, तिरंगे में लिपटा, नरीमन पॉइंट स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स से वर्ली स्थित श्मशान भूमि लाया गया था जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया है। पारसी समुदाय की पारंपरिक दखमा के बजाय, उनका दाह संस्कार किया गया।

हालांकि, बाजों की संख्या कम होने के कारण, रतन टाटा के शरीर को खुले में गिद्धों के लिए नहीं छोड़ा गया। इस निर्णय ने उनके अंतिम संस्कार को एक नई दिशा दी है, जिसमें इलेक्ट्रिक अग्निदाह की प्रक्रिया अपनाई गई है।

रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए देश के बड़े उद्योगपतियों, राजनेताओं, अभिनेताओं और अन्य हस्तियों का सैलाब उनके निवास पर उमड़ पड़ा। हर एक ने अपने तरीके से उन्हें याद किया, और उनके योगदान को सराहा। यह एक ऐसा क्षण है जब मुंबई ने अपने प्रिय उद्योगपति को अंतिम विदाई दी है, जो हमेशा के लिए उनकी यादों में जीवित रहेंगे।


उनकी दूरदर्शिता, उद्यमिता और मानवता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमेशा हमें प्रेरित करती रहेगी।

उद्योगपति रतन टाटा मार्च 1991 से 28 दिसंबर 2012 तक टाटा समूह के अध्यक्ष रहे। उसके बाद 2016-2017 तक एक बार फिर उन्होंने समूह की कमान संभाली। उसके बाद से वह समूह के मानद चेयरमैन की भूमिका में आ गये थे।

उनका जन्म 28 दिसंबर 1937 को हुआ था। उन्होंने अपने कार्यकाल में टाटा समूह को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और उदारीकरण के दौर में समूह को उसके हिसाब से ढाला।

## उद्योगपति रतन टाटा को मिले भारत रत्न, महाराष्ट्र सरकार ने पास किया प्रस्ताव

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र सरकार ने आज एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पास किया है। इससे पहले रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी गई और फिर यह प्रस्ताव पारित किया गया। अब केंद्र सरकार को इसे लेकर फैसला लेना है।



इससे पहले, शिंदे गुट के नेता राहुल कनाल ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर रतन टाटा को भारत रत्न देने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि यह रतन टाटा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता राहुल कनाल ने गुरुवार को एक पत्र के माध्यम से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से आग्रह किया था कि वह भारत सरकार को टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा के नाम को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' के लिए प्रस्तावित करें। यह कदम रतन टाटा के अपार योगदान और उनके द्वारा मानवता के प्रति किए गए कार्यों की सराहना के लिए उठाया गया है। राहुल कनाल ने पत्र में स्पष्ट किया कि रतन टाटा का जीवन दयालु भाव, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों से भरा हुआ है, जो उन्हें न केवल एक सफल उद्योगपति बनाते हैं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति के रूप में भी प्रस्तुत करते हैं जो समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए सदैव तत्पर रहे हैं। उनका योगदान न केवल भारतीय उद्योग को आगे बढ़ाने में रहा है, बल्कि उन्होंने सामाजिक कल्याण और शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने लाओस में देखा रामायण का लाओ संस्करण, जानें इस सदियों पुरानी विरासत की खास बातें



**विएंतियाने (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से लाओस की यात्रा पर हैं। यहां उन्होंने भारत की सदियों पुरानी विरासत का हिस्सा बने रामायण के लाओ संस्करण की प्रस्तुति देखी। यह भारत और लाओस के बीच साझा विरासत एवं सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे। बता दें कि आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी लाओस की राजधानी में हैं।

विएंतियाने पहुंचने के बाद उन्होंने लाओ रामायण 'फलक फालम' या 'फ्लक फ्राम' की एक कड़ी का मंचन देखा, जिसे प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर ऑफ लुआंग प्रबांग के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। 'फ्लकफ्राम डॉट कॉम' के मुताबिक, लाओ रामायण मूल भारतीय संस्करण से अलग है। इसे देखकर पीएम मोदी मंत्रमुग्ध हो गए। बता दें कि रामायण का यह लाओ संस्करण बौद्ध समूहों के माध्यम से यह 16वीं शताब्दी के आसपास लाओस पहुंचा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, साझा विरासत और परंपरा दोनों देशों को करीब ला रही है। यह प्रस्तुति भारत-लाओस के समृद्ध और साझा जुड़ाव की एक उत्कृष्ट प्रदर्शनी थी।

**लाओस में सदियों से होता है रामायण का मंचन :** विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लाओस में आज भी रामायण का मंचन किया जाता है और यह महाकाव्य दोनों देशों के बीच साझा विरासत और सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। लाओस में सदियों से भारतीय संस्कृति और परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पालन एवं संरक्षण किया जा रहा है। इससे यह भी साबित होता है कि भारतीय संस्कृति की छाप दुनिया पर कितनी अधिक गहरी है। दोनों देश अपनी साझा विरासत को रोशन करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले, मोदी ने लाओ पीडीआर के केंद्रीय बौद्ध फेलोशिप संगठन के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में हिस्सा लिया, जो विएंतियान में सी साकेत मंदिर के प्रतिष्ठित मठाधीश महवेथ मसेनई की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।

**पीएम मोदी ने किया ये पोस्ट :** लाओस से पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, लाओ पीडीआर में सम्मानित भिक्षुओं और आध्यात्मिक गुरुओं से मुलाकात हुई, जो भारतीयों द्वारा पाली को दिए जा रहे सम्मान को देखकर खुश थे। मैं उनके आशीर्वाद के लिए उनका आभारी हूं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि साझा बौद्ध विरासत भारत और लाओस के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत संबंधों के एक और पहलू का प्रतिनिधित्व करती है। प्रधानमंत्री ने लाओस में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वट फू मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार और संरक्षण कार्य पर आधारित प्रदर्शनी भी देखी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण लाओस में वट फू मंदिर और संबंधित स्मारकों के जीर्णोद्धार कार्य में जुटा हुआ है।

जायसवाल ने कहा, वट फू : भारत-लाओस के बीच करीबी सभ्यतागत संबंधों और विरासत का प्रतीक है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण लाओस में यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल वट फू के जीर्णोद्धार और संरक्षण के लिए असाधारण काम कर रहा है। मोदी ने कहा, लगातार गहराता सांस्कृतिक जुड़ाव! भारत को वट फू परिसर सहित विभिन्न विरासत स्थलों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार की दिशा में लाओ पीडीआर के साथ मिलकर काम करने पर गर्व है।

## भारत ने खोया अपना सच्चा 'रत्न', केजरीवाल, ममता समेत राजनीतिक जगत के दिग्गजों ने जताया दुख

### रतन टाटा के योगदान ने समाज पर अमिट छाप छोड़ी : सीतारमण



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रतन टाटा के निधन से पूरा देश आहत है। राजनीतिक और उद्योग जगत के लोगों ने इसे अपूरणीय क्षति करार दिया है। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के सीएम स्टालिन समेत तमाम राजनीतिक हस्तियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सभी ने टाटा संस के मानद अध्यक्ष को विजनरी उद्योगपति बताया है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक वीडियो क्लिप साझा कर संवेदनाएं जाहिर की हैं। इसमें रतन टाटा मंच से असंभव को संभव करने का मंत्र दे रहे हैं। केजरीवाल ने पोस्ट में लिखा है, भारत ने अपना सच्चा रत्न खो दिया है, जिसने असंभव को संभव बना दिया। रतन टाटा की विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने अपने पोस्ट में दुख जाहिर करते हुए लिखा। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा के निधन से दुखी हूं। टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन भारतीय उद्योगों के अग्रणी नेता और जनहितैषी परोपकारी व्यक्ति थे। उनका निधन भारतीय व्यापार जगत और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति होगी। उनके परिवार के सभी सदस्यों और सहकर्मियों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

वहीं, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने अपने साथ रतन टाटा की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है, थिरु (माननीय) के निधन से बहुत दु:ख हुआ। रतन टाटा, भारतीय उद्योग जगत के एक सच्चे दिग्गज और विनम्रता और करुणा के प्रतीक थे। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल टाटा समूह को आकार दिया, बल्कि नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के लिए एक वैश्विक मानक भी स्थापित किया। राष्ट्र निर्माण, नवाचार और परोपकार के प्रति उनके अथक समर्पण ने लाखों लोगों के जीवन पर अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने आगे लिखा, भारत ने एक दिग्गज को खो दिया है, लेकिन उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। मैं इस दुख की घड़ी में उनके परिवार, सहकर्मियों और पूरे टाटा समूह के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

**रतन टाटा के योगदान ने समाज पर अमिट छाप छोड़ी :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने श्री रतन टाटा के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए गुरुवार को कहा वे एक उत्कृष्ट नेता, दूरदर्शी उद्योगपति और परोपकारी व्यक्ति थे, जिनके योगदान ने हमारे समाज पर अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने एक्स पर जारी अपने शोक संदेश में कहा कि श्री टाटा के नवाचार, नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति गहरे संकल्प ने उद्योगों को बदल दिया और समुदायों को ऊपर उठाया। उन्होंने श्री टाटा के परिवार, दोस्तों और उन सभी लोगों के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त की जिनके जीवन को उन्होंने छुआ। उनकी उल्लेखनीय विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

## उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर सीएम विष्णुदेव साय ने जताया शोक


**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने सोशल मीडिया ट्वीटर पर किए अपने पोस्ट में कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में रतन टाटा के योगदान को भारतवासी सदैव याद रखेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पोस्ट में लिखा कि सुप्रसिद्ध उद्योगपति, पद्म भूषण व पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है. उन्होंने भारतीय उद्योग जगत को सर्वोच्च स्थान पर स्थापित किया. उनका सादगी पूर्ण जीवन, नैतिक नेतृत्व और परोपकार की भावना एक मिसाल थी. वह सदैव हमारी यादों में जीवित रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रतन टाटा का निधन भारत और उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है. ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों, उनके शुभचिंतकों को संबल प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना करता हूं. शांति!



**भारत ने अपना रत्न खोया-भूपेश बघेल :** देश के जाने-माने उद्योगपति और टाटा समूह के चेयरमैन रतन टाटा के निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश ने अपने 'रत्न' को खोया है।

## जीवन को आगे बढ़ाने के लिये जानना भी जरूरी है और मानना भी जरूरी है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

**इंदौर (विश्व परिवार)।** जीवन को आगे बढ़ाने के लिये जानना भी जरूरी है और मानना भी जरूरी है, लेकिन विडंबना यह है कि हम सब कुछ जानते हुये भी मानते नहीं। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने भक्तामर स्त्रोत्र की बांचना करते हुये प्रात:कालीन धर्मसभा में प्रकट किये।



उन्होंने कहा कि तम्बाखू खाना और सिगरेट पीना स्वास्थ्य के लिये हांनीकारक है इससे केंसर होता है यह स्पष्ट शब्दों में लिखा होता है, तथा बिना पड़े लिखे लोगों के लिये मौत का चिंह बिच्छु बना होता है। मुनि श्री ने कहा कि जानते सभी है लेकिन मानते नहीं तो क्या वह व्यक्ति समझदार है ? आचार्य मानतुंग भगवान की भक्ती में लीन होकर कह रहे है, कि हे भगवान आपके ज्ञान में सारा लोक प्रतिविम्बित हो रहा है, आप परम पुमान, आदित्यवर्णन तम का विनाश करने बाले दैदीप्यमान हो जो अज्ञान रुपी तिमिर को नष्ट करने बाले ज्ञान के पुंज हो आपके संसर्ग या सन्निधी में आने बाले का अहंकार नष्ट होकर तथा आपका सम्यक्त्व आश्रय पाकर मृत्युंजयी हो जाता है।

तुभ्यं नमस्-त्रिभुवनार्ति-हराय नाथ!
तुभ्यं नमः क्षिति-तलामल-भूषणाय।
तुभ्यं नमस्-त्रिजगतः परमेश्वराय,
तुभ्यं नमो जिन! भवोदधि-शोषणाय

हे भगवन् आप तीनों लोकों की पीड़ा को हरने बाले हो, आपके संपर्क और संसर्ग में आने बाले प्रत्येक प्राणी की पीड़ा नष्ट हो जाती है, आप इस प्रथ्वी के आकृषण स्वरूप होकर अधो लोक में शोभायमान है आपके चरणों में तीनों लोकों के देव देवेन्द्र, नागेन्द्र, नरेंद्र सदैव नतमस्तक रहते है, कहते है कि आपकी भक्ती करने से सभी के पाप नष्ट होकर आत्मा विशुद्ध स्वरुप को प्राप्त हो जाती है। मुनि श्री ने कहा कि जैन दर्शन ही एक ऐसा दर्शन है, आत्मा की विशुद्धि को ही मानता है, इसीलिये बृह्मा विष्णु तथा महेश एवं वुद्ध के वीतराग आत्मस्वरूप को मानता है, जैन दर्शन किसी को भी जगत के कर्ता या पालक के रूप में या किसी को जगत के विनाशक के रुप में नहीं देखता बल्कि जिन्होंने अपने आत्मतत्त्व को जान लिया तथा अपने आत्मवृह्म को प्राप्त कर लिया, तथा जिन्होंने अपने आत्मतत्त्व को पहचानते हुये सदवृत्तिओं को पुष्ट कर अपने अंदर की दुष्प्रवत्तीओं को नष्ट कर लिया वही सच्चों मानों में भगवान का भक्त कहलाने का असली हकदार है। उपरोक्त जानकारी देते हुये धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी तथा राहुल जैन (स्पोर्टस) ने बताया कि आगामी 13 अक्टूबर रविवार को पर्युषण पर्व के दौरान उपवास करने बाले आत्मसाधक धर्म आराधकों का सम्मान समारोह इंटरनेशनल एसोसिएशन आंफ जैन फोरम तथा धर्म प्रभावना समिति के द्वारा प्रात:8 बजे से मोहताभवन के श्री विद्यासागर सभा मंडप में रखा गया है। समिति के अध्यक्ष अशोक रानी डोसी, महोत्सव अध्यक्ष नवीन आनंद गोधा, महामंत्री हर्ष जैन सहित समस्त पदाधिकारियों ने सभी धर्मालंबियों से निवेदन किया है कि वह समय से कार्यक्रम में पधारें और तपस्वियों के तप की अनुमोदना करें। -**अविनाश जैन**

## सांसद बृजमोहन की अध्यक्षता में रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की बैठक

### शहर में अनियमित निर्माण और यातायात समस्या पर सांसद ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को लगाई फटकार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज राजधानी रायपुर में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की पंचम बैठक हुई, जिसमें स्मार्ट सिटी के तहत किए गए कार्यों और निर्माणाधीन कार्यों के साथ ही राजधानी के यातायात को सुगम बनाने पर चर्चा की गई।

राजधानी में पिछले 8 सालों में स्मार्ट सिटी के तहत 312 परिजोनाओं पर कार्य किया गया। जिसमे 200 करोड़ की लागत से ट्रैफिक कमांड सेंटर का निर्माण हुआ है। शहर में 549 सीसीटीवी कैमरे लगे है जिसमे से 80 खराब हैं और 50 जंक्शन है जिसमे 8 खराब हैं। जिसपर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी और ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को फटकार लगाते हुए 1 माह के भीतर सभी कैमरों और जंक्शन को शुरू करने के निर्देश दिए साथ ही ट्रैफिक लोड के अनुसार शहर के मुख्य जगहों का प्रति माह रिपोर्ट बनाने और उसके अनुसार ट्रैफिक संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में ट्रैफिक लाइट्स को दिल्ली की तरह सिंक्रोनाइज करने को कहा और डिवाइडर को भी जरूरत के मुताबिक बनाने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने पुलिस को जनता से यातायात नियम का पालन करवाने के लिए भी कहा और नियम तोड़ने वालों का चालान करने को कहा है। शांति नगर और पंडरी मार्केट स्थित क्राफ्ट मार्केट में बन रहे कॉम्प्लेक्स पर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सवाल उठाया उनका कहना है कि कॉम्प्लेक्स बन जाने से क्षेत्र में यातायात में असुविधा होगी जिसको देखते हुए कॉम्प्लेक्स को कहीं और शिफ्ट करने की निर्देश की। इतना ही नहीं बृजमोहन अग्रवाल ने शहर में 5 हजार स्क्वायर फीट से ज्यादा भूमि पर बनने वाले कमर्शियल निर्माण के लिए यातायात पुलिस से भी एनओसी लेने के लिए नियम बनाने को कहा। शहर के 41 तालाबों और 42 उद्यानों के पुनर्विकास में हुई लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा की सभी अधिकारी शहर को बेहतर बनाने के लिए ईमानदारी से काम करें वरना दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड और पश्चिम बंगाल में बढ़ती रेल कनेक्टिविटी

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस की शुरुआत को दिखाई हरी झंडी दिखाई

**आनंद विहार-अगरतला राजधानी एक्सप्रेस के साहिबगंज में ठहराव को हरी झंडी**

**पहली बार अगरतला से साहिबगंज व साहिबगंज से डायरेक्ट हावड़ा मिलेगी रेल कनेक्टिविटी**

**पूर्वोत्तर भारत से झारखंड को डायरेक्ट रेल कनेक्टिविटी मिलेगी**



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने झारखंड व पश्चिम बंगाल में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने हेतु साहिबगंज से नई ट्रेन सेवाओं की शुरुआत कर क्षेत्र की कनेक्टिविटी तथा विकास को एक नई दिशा प्रदान की है। 10 अक्टूबर 2024 को श्री निशिकांत दुबे, सांसद, गोड्डा की उपस्थिति में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर इस रेल सेवा की शुरुआत की गई। यह ट्रेन साहिबगंज से हावड़ा तक की यात्रा को बेहद सरल एवं सुलभ बनाएगी, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और व्यापार के नए अवसर मिलेंगे। इस ट्रेन के माध्यम से न केवल व्यापारिक गतिविधियों को बल मिलेगा, अपितु झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर व पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी। साथ ही साहिबगंज स्टेशन पर आनंद विहार-अगरतला राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिससे दिल्ली, त्रिपुरा, असम एवं अन्य पूर्वोत्तर राज्यों से साहिबगंज की सीधी कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी। इस सेवा से व्यापारिक एवं पर्यटन गतिविधियाँ निश्चित ही नई ऊंचाइयों पर पहुँचेंगी। इन नई ट्रेन सेवाओं से क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का यह एक अनूठा अवसर है, साथ ही साहिबगंज के व्यापारियों को बड़े बाजारों से जुड़ने का मौका मिलेगा। साहिबगंज में इन नई ट्रेन सेवाओं की शुरुआत से क्षेत्र के छात्रों एवं दैनिक यात्रियों को भी सुविधाजनक और समयबद्ध यात्रा का लाभ मिलेगा। इसके जरिए न केवल क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर देखने को मिलेंगे, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन भी सुनिश्चित हो सकेगा।

## शोक सभा में भारत गौरव रतन टाटा को श्रद्धांजलि समर्पित



**तालबेहट ( विश्व परिवार )।** सकल दिगम्बर जैन समाज की एक शोक सभा में भारत गौरव रतन टाटा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सिद्ध क्षेत्र पावागिररि प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा ने कहा भगवान महावीर स्वामी के मानवीय संदेश जियो और जीने दो को स्वाभाविक रूप से अपने जीवन में प्रतिपादित कर उद्योग जगत के महामहिम भारत गौरव समाज सेवी दानवीर रतन टाटा के राष्ट्र समर्पित अप्रतिम योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। अन्य वक्ताओं ने कहा महान उद्योगपति रतन टाटा भारत के रत्न ही नहीं विश्व के चमकता हुआ ध्रुव तारा या कोहिनूर हीरा थे। अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन पुरा ने महान व्यक्तित्व रतन टाटा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा की वह अत्यंत सीधे और सज्जन थे। महामंत्री जयकुमार जैन कन्धारी ने कहा सभी के प्रेरणास्त्रोत रतन टाटा ने मानव कल्याण के लिए शिक्षा और चिकित्सा जगत में भी बहुत महत्वपूर्ण काम किए। अंत में सभी ने भावपूर्ण विनम्रतापूर्वक श्रद्धा-सुमन अर्पित कर भगवान से सद्गति के लिये प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि देने वालों में शिखरचंद्र, उत्तमचंद, राजकुमार, आनंद जैन, महेंद्र कुमार, अभय जैन, चौधरी सनत कुमार, डॉ. महेंद्र जैन, मिठ्या संत प्रसाद, सुदर्शन जैन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद्र भड़रा, संयुक्त मंत्री विकास भंडारी कड़ेसरा, उपमंत्री सिंघई आकाश चौधरी, प्रचारमंत्री विनोद वैरागी, ऑडीटर पंकज भंडारी कड़ेसरा एवं अजय जैन, अनिल चौधरी, देवेंद्र जैन बसार, कमलेश जैन सिर्सी, प्रीतेश पवैया, अभिषेक मिठ्या, राकेश सतभईया, निर्देश जैन राजू, अनिल जैन, अटल कुमार, धर्मेन्द्र जैन, आदेश कुमार, सौरभ मोदी, सौरभ पवैया, जितेंद्र जैन, सौरभ जैन कड़ेसरा, आशीष कुमार, अभिषेक जैन, संदीप कुमार, अमित जैन, सुकमाल, वीरेंद्र कुमार, विजय जैन, अरविन्द कुमार, सुनील जैन, ऋषभ कुमार, गौरव जैन आदि प्रमुख रहे। वहीं अहिंसा सेवा संगठ एवं जैन शिक्षक सामाजिक समूह ललितपुर, वीर सेवा दल, जैन युवा सेवा संघ ने उद्योग जगत के महामहिम भारत गौरव समाज सेवी दानवीर रतन टाटा के राष्ट्र समर्पित अप्रतिम योगदान को याद कर श्रद्धांजलि समर्पित की।

## रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने निगम जोन 8 के वार्ड 70 में विधायक निधि से नवनिर्मित 4 सामुदायिक भवनों का लोकार्पण किया

- सरोना में 3 सामुदायिक भवनों के समीप बडा शेड बनाने 10 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की
- महिलाओं की मांग पर गौ माता की सेवा हेतु शेड बनाने 5 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की
- सरोना में उपयुक्त रिक्त शासकीय भूमि पर जनसुविधा हेतु बड़ा सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तहत संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के क्षेत्र में विधायक निधि से नवनिर्मित 4 सामुदायिक भवनों का वार्ड पार्षद राजेश सिंह ठाकुर एवं रजयंत सिंह ध्रुव सहित हरदिहा साहू समाज विश्वकर्मा समाज, सोनकर समाज, झेरिया साहू समाज के पदाधिकारियों गणमान्यजनों, महिलाओं, नवयुवकों की उपस्थिति में फीता काटकर लोकार्पण करते हुए शानदार सौगात नागरिको को दी।

रायपुर पश्चिम विधानसभा में नगर निगम जोन 8 के संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के क्षेत्र के सरोना में विश्वकर्मा चौक के पास 5 लाख की लागत से विधायक निधि मद से विश्वकर्मा समाज सामुदायिक भवन कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना के पास विधायक निधि से सोनकर समाज सामुदायिक भवन और वहीं समीपस्थ झेरिया साहू समाज सामुदायिक भवन का क्रमषः 3 लाख और 5 लाख की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवनों का लोकार्पण रायपुर पश्चिम विधायक ने किया। डुमरतालाब में हरदिहा साहू समाज सामुदायिक भवन का विधायक निधि से 10 लाख रू. की लागत से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण विधायक राजेश मूणत ने किया।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने सरोना में 3 नये सामुदायिक भवनों के समीप जनउपयोग हेतु बडा शेड निर्माण करने विधायक निधि से 10 लाख रू. स्वीकृत किये जाने की घोषणा मंच से की। वहीं महिलाओं की मांग पर पश्चिम विधायक ने गौ माता की सेवा के उद्देश्य से शेड निर्माण हेतु पश्चिम विधायक निधि से 5 लाख रू. देने की घोषणा की। पश्चिम विधायक ने नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्री ए.के. हालदार को मंच से निर्देशित किया कि नये सामुदायिक भवनों का सरोना क्षेत्र में अगली बारिश में जल भराव न होने पाये इस हेतु वहां मलमा डलवाकर उसे व्यवस्थित करवाने का कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाये।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुरा और सरोना के गरीब वर्ग के रहवासियों की सुविधा एवं उपयोग हेतु उपयुक्त शासकीय भूमि पर सरोना या उसके आस पास 1 करोड रू. की लागत से बडा सामुदायिक भवन बनाने की मंच से घोषणा की। पश्चिम विधायक ने कहा कि सभी समाज के लोग आपस में मिलकर नये सामुदायिक भवनो का पूर्ण सदुपयोग अपने सांस्कृतिक आयोजनों हेतु व अन्य विविध गतिविधियों हेतु करें एवं इसके रखरखाव में मिलकर सहभागी बने ताकि इसका लाभ उन्हें लंबे समय तक मिलता रह सके। राजेश मूणत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्ग दर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य की लगभग 75 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर माह 1 हजार रू. देने की योजना और वर्ष 2028 तक केन्द्र सरकार द्वारा देश के सभी गरीब परिवारों को हर माह 5 किलो निःशुल्क अनाज उपलब्ध करवाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब हितैषी निर्णय की मंच से सराहना की। उन्होने कहा कि जब से छत्तीसगढ राज्य में विष्णुदेव साय सरकार बनी है तब से राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ राज्य में सांय-सांय विकास कार्य हो रहा है। आयोजन में जोन 8 कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उपअभियंता अंकिता जनार्दन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन की उपस्थिति रही।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव आवास मेला में होंगे शामिल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव 11 अक्टूबर को मुंगेली जिला मुख्यालय में आवास मेला में शामिल होंगे। वे 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे बिलासपुर से सड़क मार्ग से मुंगेली के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर एक बजे मुंगेली के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित प्रधानमंत्री आवास मेला में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव शाम चार बजे मुंगेली से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम पांच बजे वापस बिलासपुर पहुंचेंगे।


### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मण्डल

**विज्ञापन का लाईसेंस हेतु ई-नीलामी सूचना** (एनेक्सर-1)

कार्य का विवरणः "गाड़ियों के डिब्बों की साइड की दीवार की पूरी बाहरी सतह पर विज्ञापन और प्रति कोच आंतरिक सतह में 23 वर्गमीटर पर विज्ञापन के लिये लाइसेंस के आबंटन हेतु ई-नीलामी"।

गाड़ियों के डिब्बों की साइड की दीवार की पूरी बाहरी सतह पर विज्ञापन और प्रति कोच आंतरिक सतह में 23 वर्गमीटर के लिये लाइसेंस के ठेके के लिये ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। केटलॉग पहले ही (https://ireps:gov.in) वेबसाइट पर दिनांक 25-09-2024 को प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है :-

| केटेलॉग क्र. | श्रेणी | नीलामी दिनांक एवं समय | लॉट क्र. | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| BSP-IM-MA1 | विज्ञापन-ट्रेन के आंतरिक और बाहरी सतह | 22-10-24 15:20:00 | ADVT-IntExt-185077-1-24-1 | "गाड़ियों के डिब्बों की साइड की दीवार की पूरी बाहरी सतह पर विज्ञापन और प्रति कोच आंतरिक सतह में 23 वर्गमीटर पर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिये लाइसेंस" | 1826 Days |
| BSP-IM-MA1 | विज्ञापन-ट्रेन के आंतरिक और बाहरी सतह | 22-10-24 15:30:00 | ADVT-IntExt-160293-2-24-1 | "गाड़ियों के डिब्बों की साइड की दीवार की पूरी बाहरी सतह पर विज्ञापन और प्रति कोच आंतरिक सतह में 23 वर्गमीटर पर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिये लाइसेंस" | 1826 Days |

सहा. वाणिज्य प्रबंधक
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/पीआर/280

South East Central Railway @secrail



### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

प्रारूप 10-01

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर डिवीजन में मंदिर हसौद/नवा रायपुर से केंद्री नई बीजी सिंगल लाइन के नीचे उल्लेखित खंड के पूर्ण हो चुके खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को यह सूचित किया जाता है कि उद्योग नगर (एसपी) पर स्विचिंग पोस्ट (एसपी) को नीचे उल्लेखित खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि को या उसके बाद 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज पर सक्रिय किया जाएगा। उसी तिथि से उद्योग नगर में फीडर वायर के साथ स्विचिंग पोस्ट को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त स्विचिंग पोस्ट के पास नहीं जाएगा या उस पर काम नहीं करेगा।

| क्र. सं. | अनुभाग | किलोमीटर | क्रियाशीलयन की तारीख | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में सिंगल अप/डाउन लाइन के लिए मंदिर हसौद/नवा रायपुर से केंद्री सेक्शन के बीच सीएचः- 1/469.5-1/528 पर उद्योग नगर में पूर्ण किए गए नए एसपी का विद्युतीकरण। | एसपी लोकेशन सं. 1/12-13 के मध्य और फीडर लोकेशन- यूएन/एफ-1 से यूएन/एफ-21 के बीच | 20.10.2024 | दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे |

दिनांकः 07.10.2024
मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण)
द.पू.म.रेलवे, रायपुर

सीपीआर/10/285


## मैट्स विश्वविद्यालय : 'कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य प्राथमिकता' विषय पर आयोजित की गई कार्यशाला



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय, पंडरी के मनोविज्ञान विभाग द्वारा समय-कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम 1 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक संचालित किया गया जिसकी शुरुआत पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम से की गई जिसमे कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया इसमें प्रथम स्थान मनोविज्ञान विभाग की अंतर्राष्ट्रीय छात्रा मेरी ग्रेस मोमो, द्वितीय स्थान दूर्वा दवे तथा, तृतीय स्थान अनमता ने प्राप्त किया। मैग्नेटो मॉल में फ्लैश मॉब कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसी कार्यक्रम के तहत अमेठी गाँव एवं मरीन ड्राइव में मानसिक स्वास्थ में जागरूकता हेतु स्किट कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा आत्महत्या रोकथाम पर अतिथि व्याख्यान का भी आयोजन किया गया, इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए दिनाँक 10 अक्टूबर को मुख्य अतिथि भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के महा निदेशक लेफ्टिनेट जनरल अशोक जिंदल जी ने अपने भाषण में कहा कि जीवन में अत्यधिक दबाव और जरूरत से ज्यादा मांग आज तनाव का प्रमुख कारण है। समय और कार्य का उचित प्रबंधन परिवार और नौकरी दोनों के लिए बेहतर होता है।

कार्यस्थल में आ रहे समस्याओं को समय प्रबंधन और बेहतर निष्कर्ष से ही निपटाया जा सकता है, उन्होंने अपने सैनिक जीवन के कई उदाहरण देते हुए कहा कि अकादमिक अक्षमता, प्रमोशन के अपात्र होना या ना होना जीवन की हार नहीं होती बल्कि बेहतर प्रदर्शन और कार्य से समय के साथ इसका लाभ लिया जा सकता है, समस्या को पहचान कर अवसाद और चिंता को दूर किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के पी यादव ने भी बेहतर स्वास्थ्य प्रबंध के लिए युवाओं को आगे आने का आग्रह किया जो कि बेहतर भविष्य के लिए दिशा सुनिश्चित करेगी। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलसचिव श्री गोकुलानंदा पंडा, मनोविज्ञान विभागा अध्यक्ष डॉ शाइस्ता अंसारी एवं विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम समापन से पूर्व धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में इलाज के बाद सकुशल घर लौटने वाले बच्चों व अभिभावकों को प्रमाण पत्र देते महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधिमंडल व अस्पताल के सेवाभावी कार्यकर्ता

### दिव्यांग बालिका गृह की बच्चियों को रोजगार देने में संजीवनी अस्पताल ने दिखाई रुचि



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल ट्रस्ट के अध्यक्ष सी श्रीनिवास का महाराष्ट्र मंडल ने मंगलवार को नवा रायपुर में अभिनंदन किया। संजीवनी अस्पताल बाल हृदय देखभाल केंद्र में महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारियों ने श्रीनिवास को मंडल की प्रत्येक प्रकल्पों, समितियों और महिला केंद्रों की गतिविधियों से अवगत कराया गया। श्रीनिवास ने दिव्यांग बालिका विकास गृह के माध्यम से महाराष्ट्र मंडल की ओर से किए जा रहे कार्यों की जमकर प्रशंसा की और यहां से निकलने वाली बच्चियों को संजीवनी अस्पताल के माध्यम से रोजगार देने की बात कही।

महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल, दिव्यांग बालिका विकास गृह के प्रभारी प्रसन्न विजय निमोणकर, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, वरिष्ठतम सभासद आरवाय जोगलेकर, सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने उन्हें महाराष्ट्र मंडल के गौरवशाली 90 वर्ष की विकास यात्रा व मानव सेवा के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों की न केवल विस्तृत जानकारी दी, बल्कि महाराष्ट्र मंडल का ब्रोशर और कैलेंडर भी दिया। जोगलेकर ने बताया कि सन् 1971 में सुनील गावस्कर ने तात्यापारा स्थित महाराष्ट्र मंडल का भ्रमण किया था। इस मौके पर तिल- गुड़ खिलाकर उनका अभिनंदन भी किया गया। यहां खेले गए क्रिकेट मैच से लौटने के बाद गावस्कर का भारतीय क्रिकेट टीम में चयन हुआ था, और उन्होंने क्रिकेट टीम के साथ पहला दौरा वेस्टइंडीज का किया था।

**महाराष्ट्र मंडल के सेवाभावी कार्यों से प्रभावित दिखे श्री सत्य साईं स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीनिवास**

महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधियों के हाथों अभिनंदन से अभिभूत श्रीनिवास ने कहा कि दिव्यांग बच्चियों के लिए आप लोगों का समर्पण प्रशंसनीय है। इसी तरह संत ज्ञानेश्वर इंग्लिश मीडियम स्कूल के माध्यम से निर्धन परिवार के बच्चों को शिक्षा देने की पहल भी प्रेरक है। वाघोलीकर मेडिकल इक्यूपमेंट योजना के संदर्भ में उन्होंने कहा कि मरीजों के लिए यह प्रयास बहुत अच्छा है। लोगों को इसकी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने महाराष्ट्र मंडल के आमंत्रण को स्वीकर करते हुए कहा कि वे चौबे कालोनी स्थित मंडल भवन और अन्य प्रकल्पों को देखना चाहेंगे। संभव हुआ तो भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को भी मंडल में लाकर सन् 1971 का इतिहास दोहराना चाहेंगे।

इस मौके पर विगत आठ वर्षों से श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में निस्वार्थ सेवा दे रहे 86 वर्षीय अशोक लोणकर और उनकी पत्नी मीना लोणकर ने महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधियों को अस्पताल के अलावा मंदिर, आडिटोरियम, कैंटीन सहित विभिन्न भवनों और वहां उपलब्ध सुविधाओं को दिखाया और जानकारी दी।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./15016/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 09-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15016
वार्ड का नाम-57-पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR447E00149 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LALIT KUMAR SONI पिता/पति, श्री/श्रीमती HARI BHAI SONI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. उपेन्द्र जैन पिता विनय चन्द्र जैन, 2 दिव्या जैन पति उपेन्द्र जैन पिता/पति, श्री/श्रीमती N/A ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./15015/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 09-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15015
वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR757D00115 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHRINIVAS REDDY पिता/पति, श्री/श्रीमती T. SATYANARAYANA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती महेश कुमार शर्मा पिता/पति, श्री/श्रीमती स्व. बृजमोहन शर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./15082/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 10-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15082
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR737D00440 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती DEEPAK DEWANI पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O LATE. RAMESH DEWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती श्री सुरेश कुमार तोलवानी पिता/पति, श्री/श्रीमती पिता - स्व. श्री चोहित राम तोलवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./15098/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 10-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15098
वार्ड का नाम- 13- राजीव गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 13 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR222E0015F जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SMT. CHARULATA PATEL पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O DEEPAK PATEL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती वरूणा पटेल पिता/पति, श्री/श्रीमती पति - श्री हितेश पटेल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत दानपत्र/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./15099/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 10-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15099
वार्ड का नाम- 13- राजीव गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 13 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR222E00086 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MRS. ASHADEVI MADHWANI पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O SUDAMA LAL MADHWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1 श्री हरीश माधवानी 2. श्री रवि माधवानी - दोनो के पिता स्व. श्री सुदामा माधवानी पिता/पति, श्री/श्रीमती 2. श्रीमती टिया वाधवानी पति - श्री आशीष वाधवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./15081/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 10-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15081
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR220C00143 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MRS. KAMALJEET KAUR पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O LATE SATWANT SINGH GIL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती श्री अजय संतोष राव बंसोड पिता/पति, श्री/श्रीमती पिता - श्री संतोष राव बंसोड ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./14991/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 09-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14991
वार्ड का नाम- 48- मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR443F00424 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. NIRMALA SACHETI पिता/पति श्री/श्रीमती RAMESHCHAND SACHETI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती GURUPREET KAUR पिता/पति श्री/श्रीमती LET. AMARJEET SINGH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री जसदेव सिंह बाबरा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



### कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा रायपुर (छ.ग.)
Pho, no. 6771-2535788.50, Fax. 077172227395, E-mail- dC_incd@rediffmail.com

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/158/ का.अ./ फि. प्लांट / न. नि. 24
रायपुर दिनांक 09/10/2004

नगर पालिक निगर, रायपुर द्वारा नगर निगम एवं अन्य शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभागों में कार्य के अनुभवी एवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित समयावधि में सील बंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। सभी शील बद निविदाए स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लाट नगर पालिक निगम रायपुर को प्रेषित की जावेगी। निविदा ओलने के समय ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। **विवरण निम्नानुसार है :-**

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय - 22/10/2024 सायंकाल 5.00 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों को निविदा जारी करने की अंतिम तिथि - 23/10/2024 सायंकाल 2.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 29/10/2024 सायंकाल 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 30/10/2024 सायंकाल 4.00 बजे तक

| क्र. | विवरण | प्राक्कलन राशि | अमानती राशि का मूल्य | निविदा प्रपत्र | समयवधि | प्रपत्र का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 47.5 एम.एल.डी. शुद्ध जलसयंत्र के अंतर्गत विभिन्न साईज के NRV प्रदाय करने बाबत। | 6.36.398.00 | 19.500.00 | 750.000 | 3 माह | "C" |

**निविदा की शर्तें :-**

1. निविदा से संबंधित अन्य शर्त एवं जानकारी कार्यालयीन तिथि/समय में फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम, रायपुर रावणभाठा से प्राप्त की जा सकती है।
2 अमानती राशि (FDR) आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।
3 किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, न.पा. नि. रायपुर को होगा।
4 निविदाकारो को लिफाफा "अ" में अमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Pan Card/GST Certificate/ PWD Registration इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफा "ब" में निविदा दर डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र में अको एवं शब्दों में स्पष्ट अक्षरो में लिखा होना चाहिए। निविदा दर में काट-छांट नहीं होना बाहिए। दोनो लिफाफा को एक अलग से बडे लिफाफा में भरकर सीलबंद कर जमा करना होगा।
5. निविदाकारी को लिफाफा "अ" में आमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Pan Card/GST Certificate/ PWD Registration इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि सही पाये जाने के उपरांत ही लिफाफा "ब" खोला जावेगा।
6. इसके अलावा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट http://magarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकते है। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि निविदा के साथ डी.डी. के रूप में जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर रावणभाठा को प्रेषित करना होगा।

**घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

कार्यपालन अभियंता फिल्टर प्लांट
नगर पालिक निगम, रायपुर

# अपने बच्चों को आंगनबाड़ी और स्कूल भेजें, जागरूक बनकर योजनाओं का लाभ उठाएं – प्रतिष्ठा ममगाई

### कोरबा के वनांचल ग्राम नकिया में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन



**कोरबा(विश्व परिवार)।** आमजनो की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आज कोरबा विकासखंड के वनांचल ग्राम नकिया में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्री संदीप कंवर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ममगाई ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जिला प्रशासन आपके द्वार तक आई है। आप सभी शिविर का लाभ उठाएं एवं अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन करें। श्रीमती ममगाई ने ग्रामीणों को जागरूक बनकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए अपने बच्चों को आंगनबाड़ी तथा स्कूल भेजने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास स्वीकृत हुए ग्रामीणों से प्राप्त राशि का सदुपयोग करते हुए अपना आवास निर्माण कराने का आग्रह किया। साथ ही पूर्व स्वीकृत आवास के हितग्राहियों को भी शीघ्रता से आवास पूर्ण कराने की बात कही। श्रीमती ममगाई ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर कलेक्टर द्वारा जिले में डीएमएफ मद से अनेक विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें भवनविहीन व जर्जर स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों के लिए नवीन भवन निर्माण, स्कूल आंगनबाड़ी में सबेरे नाश्ता वितरण, विद्यालय, आंगनबाड़ी, आश्रम छात्रावास में भोजन हेतु गैस सिलेंडर व रिफलिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को पोषण के संबंध में जागरूक करते हुए अपने नन्हें शिशुओं को कुपोषण चक्र से बाहर निकालने के लिए कहा। इस हेतु गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं एवं छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की बात कही। श्रीमती ममगाई ने कहा कि शिविर में शिकायत से सम्बंधित प्राप्त आवेदनो का परीक्षण कर यथाशीघ्र निराकरण किया जाएगा। साथ ही शासन स्तर पर पूरी होने वाली मांगों का निराकरण के लिए आवेदन को शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने उपस्थित सभी ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी रखने एवं योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने की अपील की। एडीएम श्री तिवारी ने कहा आमजनो को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। आप सभी खुलकर अपनी समस्याओं को रखें एवं शिविर का फायदा उठाएं। जिला पंचायत सदस्य श्री संदीप कंवर ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण इलाके के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए आज नकिया में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से शिविर में अधिक से अधिक भाग लेकर अपनी परेशानियों के समाधान के लिए आगे आकर आवेदन करने का अनुरोध किया शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्री कंवर सहित अन्य अतिथियों व अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला समूह बनाकर बैंकों से निकाला लाखों का लोन, दंपत्ति फरार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में फ्लोरा मैक्स कंपनी का नया कारनामा सामने आया है, जहां पति-पत्नी ने पैसे निवेश करने के नाम पर महिला समूह को लाखों का चूना लगाया है. बैंक से लोन लेकर दंपती फरार हो गया है. महिलाओं ने कलेक्टर और एसपी से मामले की शिकायत कर पति-पत्नी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. यह मामला नवापारा रोगदा गांव का है। जानकारी के मुताबिक, फ्लोरा मैक्स कंपनी में पैसे निवेश करने का झांसा देकर नवापारा रोगदा गांव के निवासी एक दंपत्ती ने गांव के ही सैकड़ों लोगों को लाखों का चूना लगाया है. महिलाओं ने बताया, पति-पत्नी ने महिला समूह बनाकर 8 बैंकों से 46 लाख 31 हजार रुपयों का लोन निकलवाया. कुछ महीनों तक किश्त भरने के बाद दोनों पैसे लेकर फरार हो गए. किश्त के लिए बैंक से नोटिस आने के बाद महिलाओं के होश उड़ गए हैं। महिलाओं ने कलेक्टर और एसपी से मामले की शिकायत की है और पति-पत्नी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.

### एसपी दिव्यांग पटेल ने किया गोवर्धनपुर पुल का निरीक्षण

**रायगढ(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने आज गोवर्धनपुर के समीप केलो नदी पर बने उच्च स्तरीय पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुल का निरीक्षण करते हुए जिला प्रशासन द्वारा पुल पर भारी वाहनों के आवागमन प्रतिबंधित किए जाने को लेकर जारी अधिसूचना का पालन कराने हेतु उप पुलिस अधीक्षक यातायात को पुल के दोनों ओर पुलिस स्टाफ लगाने के निर्देश दिए तथा चिन्हांकित किए गए वैकल्पिक मार्ग में यातायात सुचारू रूप से जारी रहे, इसके लिए नियमित पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। मौके पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री रमेश चंद्रा भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि लोक निर्माण विभाग के सेतु मंडल रायगढ़ की अनुशंसा पर जन सुरक्षा को देखते हुए गोवर्धनपुर के निकट केलो नदी पर बने पुल से भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है। ईई सेतु श्री रमेश कुमार वर्मा ने बताया कि पुल पर आवागमन का रास्ता बंद कर दिया गया है और उस पर लोहे के चैनेल से लो लेवल हाइट गेज लगाया जा रहा है, ताकि पुल पर से भारी वाहनों की आवाजाही न हो।

# भूतपूर्व सैनिकों एवं परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा शिविर अच्छी पहल - कलेक्टर गोयल

### अपना स्वास्थ्य का रखें ध्यान, युवाओं को करें देश सेवा के लिए प्रेरित

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में आज जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा मुख्यालय छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया रायपुर (आर्मी) के सहयोग से भूतपूर्व सैनिक, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिए कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा की सेना देश की सेवा करते है, ऐसे में उनके रिटायर के बाद भूतपूर्व सैनिक, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन करना अच्छी पहल है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि आर्म्स फोर्सेस में जिला सहित राज्य के युवाओं की सहभागिता कम है। आर्म्स फोर्सेस अच्छी कैरियर विकल्प के साथ देश सेवा करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने सभी भूतपूर्व सैनिकों को युवाओं को आर्म्स फोर्सेस में कैरियर बनाने प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर की सेना भर्ती इस बार रायगढ़ में हो रही है, जिसमें वे अपना सहयोग प्रदान कर सकते है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा भूतपूर्व सैनिकों के किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने अपने आस-पास एवं पर्यटन स्थलों में साफ-सफाई रखने एवं आने वाले पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने सैनिक एवं उनके परिवारजनों की समस्यों एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा भी किए। इस अवसर पर मुख्यालय छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया रायपुर (आर्मी) से कर्नल सुधीर नायक एवं ईसीएचएस पाली क्लिनिक बिलासपुर से कर्नल वी.के.सुकुल, कैप्टन बी.के.शर्मा व आनरेरी कैप्टन बी.के दीक्षित उपस्थित थे। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में विनायक नेत्रालय रायपुर, ईसीएचएस पाली क्लिनिक बिलासपुर एवं मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण एवं चश्मा प्रदान किया गया। शिविर में 160 पूर्व सैनिक एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

# पुल का आधा हिस्सा और एप्रोच रोड बहा, आवागमन में परेशानी

### निर्माण के बाद दो साल भी नहीं टिके पुल और सड़क

**कोरबा(विश्व परिवार)।** विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत घोघरा नाला पर बना पुल निर्माण के बाद दो साल भी नहीं टिका है। पुल का आधा हिस्सा और इसके दोनों ओर स्थित एप्रोच रोड बह गया है। इससे ग्रामीणों का मुय मार्ग से संपर्क टूट गया है। आने-जाने में उन्हें काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी न हो, इसे देखते हुए ग्राम पंचायत अड़सरा अंतर्गत स्थित घोघरा नाला में पुल का निर्माण किया गया था। पुल पिछले दिनों हुई बारिश में बह गया है। इससे गांव का संपर्क टूट गया है। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत अड़सरा में आश्रित ग्राम घाघरा स्थित है। गांव में पहाड़ी पंडो के 23 परिवार रहते हैं। उन्हें जल्के और तनेरा की ओर जाने के लिए घोघरा नाला पर बने पुल को पार करना होता है। ग्रामीणों की मांग पर पूर्व की सरकार ने जिला प्रशासन की ओर से घोघरा नाला पर पुल का निर्माण किया गया था। दो साल भी पूरा नहीं हुआ है कि पुल बारिश में बह गया है। इसके दोनों ओर स्थित एप्रोच रोड की मिट्टी भी पानी के साथ बहकर आगे निकल गई है। अब नाले में पुल का एक हिस्सा ही नजर आ रहा है। इसका दूसरा हिस्सा गायब है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी रास्ते से होकर ग्राम के लोग या स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थी आना-जाना करते हैं। पुल को विद्यार्थी पैदल पार करते हैं। ग्रामीण भी पैदल ही आना-जाना करते हैं।

### कब्रिस्तान की जमीन में कबाड़ का धंधा करने वाले असगर खान के दुकान को किया गया ध्वस्त

**मुंगेली(विश्व परिवार)।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एवं जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले और विभिन्न अवैध गतिविधि में संलिप्त लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पूर्व में जिला मुख्यालय में पुलिस द्वारा सिटी कोतवाली मुंगेली अंतर्गत कबाडी के आड़ में अवैध धंधा करने वाले पर कार्यवाही की गई थी जिला मुख्यालय मुंगेली में मुसलमानों के कब्रिस्तान के लिए सुरक्षित शासकीय जाँच दौरान यह तथ्य सामने आया कि भूमि खसरा 993 पर अवैध कब्जा कर असगर खान द्वारा कबाड़ी दुकान का संचालन किया जा रहा था। संचालक को पूर्व में शासकीय भूमि से कबाड़ी दुकान को हटाने के लिए नोटिस दिया गया था। दुकान संचालक को नोटिस दिए जाने के बावजूद कब्जा नहीं हटाने पर राजस्व, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा शासकीय भूमि से कब्जा हटाने हेतु आज पुलिस और प्रशासन द्वारा कबाड़ी दुकान का संचालन करने के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर शासकीय भूमि पर से कबाड़ी दुकान के लिए बनाए गए संरचना को तोड़ा गया और कब्जा मुक्त करने की कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान तहसीलदार मुंगेली कुणाल पांडेय, नगर पालिका सीएमओ आशीष तिवारी सहित राजस्व, थाना प्रभारी कोतवाली संजय सिंह राजपूत व पुलिस और नगर पालिका के अमला मौजूद रहे।

# थाना करताला ने ग्राम नोनदरहा, फट्टेगंज, बोतली और कुदमुरा में चलाया जागरूकता अभियान



**कोरबा(विश्व परिवार)।** सजग कोरबा के तहत पुलिस द्वारा यातायात/नशा मुक्ति/ महिला सुरक्षा/साइबर के संबंध में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान। पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा (भापुसे) के मार्गदर्शन में सजग कोरबा अभियान में साईबर क्राइम, नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान, अभिव्यक्ति ऐप, मैत्री महिला सुरक्षा हेल्पलाइन एवं यातायात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में करताला पुलिस के द्वारा क्षेत्र के ग्राम नोनदरहा, फट्टेगंज, बोतली और कुदमुरा में बालिकाओं व महिलाओं को अभिव्यक्ति ऐप और मैत्री हेल्पलाइन के संबंध में जानकारी दिया जा रहा है एवं महिलाओं को किन-किन परिस्थितियों में इस ऐप का इस्तेमाल करना है और इसके क्या-क्या फायदे हैं उसके बारे में भी पुलिस के द्वारा बताया एवं समझाया जा रहा है।साथ में नशा के ख़िलाफ़ यातायात नियम और साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। थाना प्रभारी के द्वारा रैली निकाल कर भी लोगों को जागरूक किया गया। ज्ञात हो कि कोरबा पुलिस के द्वारा सजग कोरबा के तहत ह्वाट्सऐप, फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है।

### नाबालिग से शराब का परिवहन करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दीपका पुलिस ने नाबालिग बच्चों को पैसे का लालच देकर शराब का परिवहन करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कॉलेज रोड झाबर में एक मोटरसाइकिल पर शराब का परिवहन कर रहे नाबालिग और आरोपी राहुल नटराज को पकड़ा गया। उनके कब्जे से कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। पूछताछ में यह सामने आया कि आरोपी किशन चैहान ने नाबालिग को पैसे देकर अवैध कच्ची महुआ शराब विजयनगर निवासी आरोपी धीरेंद्र कुमार चैहान से लाने के लिए कहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफकार्रवाई करते हुए 25 लीटर कच्ची महुआ शराब, शराब बनाने का पात्र और मोटरसाइकिल (सीजी 12 बीपी 0850) को जप्त कर लिया। सभी आरोपियोंकृकिशन चैहान, राहुल नटराज और धीरेंद्र कुमार चैहानकृको गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# एनटीपीसी कोरबा ने की एक नई पहल, मोबाइल मेडिकल यूनिट का कोरबा कलेक्टर अजीत के द्वारा किया गया उदघाटन



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिला क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कोरबा जिला अजीत वसंत द्वारा 7 अक्टूबर को मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन किया गया। यह पहल, एनटीपीसी कोरबा द्वारा नैगम समाजिक दायित्व के अंतर्गत का एक पहलु है, जिसका उद्देश्य वंचितों समुदायों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। उक्त उद्घाटन समारोह कोरबा के कलेक्टरेट में हुआ, जिसमें राजीव खन्ना, परियोजना प्रमुख, विनोद कोल्हटकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी शशि शेखर, एनटीपीसी कोरबा के मानव संसाधन प्रमुख शशांक छाजेड़, वरिष्ठ प्रबंधक, सीएसआर, साथ ही एनटीपीसी कोरबा की समर्पित सीएसआर विभाग आदि के गणमान्य नागरिक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल थे। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने इस पहल के महत्व पर जोर दिया, जो विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में अंतर को पाटने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच एक मौलिक अधिकार है, और मोबाइल मेडिकल यूनिट के शुभारंभ के साथ, हम यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं कि सबसे दूरदराज के समुदायों को भी समय पर चिकित्सा सहायता मिले। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है और सामान्य स्वास्थ्य जांच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण और स्वास्थ्य शिक्षा जैसी सेवाएं प्रदान करेगी। यह पहल एनटीपीसी कोरबा की समुदाय कल्याण और एक स्वस्थ भविष्य के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शशांक छाजेड़ ने इस परियोजना को वास्तविकता बनाने में शामिल सभी हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की ष्हम सहयोग की शक्ति में विश्वास करते हैं और इस मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अपने समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण में योगदान करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। एनटीपीसी कोरबा की सीएसआर टीम यूनिट के संचालन का समन्वय करेगी, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह नियमित रूप से सबसे जरूरतमंद जनसंख्या तक पहुंचे। यह पहल एनटीपीसी की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो समग्र समुदाय विकास और सतत जीवन पर केंद्रित है।

### छुईखदान धंसने से दो मजदूरों की मौत

**सरगुजा(विश्व परिवार)।** छुई (पीली मिट्टी) खदान में खुदाई करने पहुंचे दो ग्रामीणों की खदान धंसने से मौत हो गई है। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण मदद के लिए मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों मजदूरों की मौत हो चुकी थी। सूत्रों ने बताया कि घटना कुन्नी चौकी के जमदरा बिजोरा नाला के पास है। यहां छुई मिट्टी का एक खदान है। दोनों ग्रामीण त्योहारी सीजन के मद्देनजर छुई निकालने के लिए खदान में उतरे थे। सुबह 6 बजे के आसपास अचानक मलबा धंस गया। हादसे में दोनों की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कुन्नी चौकी पुलिस ने दोनों के शव को बाहर निकाला। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के भेज पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### दुर्गा पंडाल नवरात्रि मेला में साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों में साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा दिनाँक 05/10/2024 से 19/10/2024 तक संचालित किया जाना है। जिसके तहत ज़िले में बढ़ रहे साइबर अपराधों को संज्ञान में लेते हुए और पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा से प्राप्त मार्गदर्शन में सभी थाना चौकी प्रभारी और साइबर सेल के द्वारा जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम में दर्री थाना अंतर्गत एनटीपीसी फुटबॉल ग्राउंड में डांडिया प्रतियोगिता में सायबर सेल कोरबा एवं दर्री नगर पुलिस अधीक्षक के द्वारा सायबर जागरूक किया गया। वहीं, देर रात हरदीबाजार स्थित दुर्गा पंडाल मैदान में शहरवासियों को जागरूक करने हेतु सायबर सेल और हरदीबाजार पुलिस के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। कोरबा पुलिस की इस विशेष अभियान में जगह-जगह कार्यक्रम किया जा रहा है और कोरबा पुलिस के द्वारा एक ऑडियो मैसेज भी नवरात्रि पंडालो में सुनाया जा रहा है।

## संपादकीय

# लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे...

कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए। वैसे चर्चा पहले से थी, लेकिन अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपने बेटे उदयनिधि मारन को अपना औपचारिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। ठीक उसी तरह जैसे उनके पिता एम। करुणानिधि ने स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी बनाया था। करुणानिधि ने अपनी दूसरी संतानों को भी राजनीति में यथासंभव स्थापित करने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाई। उदयनिधि को उप-मुख्यमंत्री बना दिया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे एक स्वाभाविक घटना के रूप में लिया गया है। यहां तक कि अखिलेश यादव सहित कुछ नेताओं ने उदयनिधि को बधाई भी दी है। अखिलेश खुद अपने पिता का उत्तराधिकार संभाल रहे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की अजीबोगरीब कहानी है। आज देश का नक्शा लेकर राज्य दर राज्य नजर् डालिए, तो ऐसे उत्तराधिकारी हर जगह नजर आएंगे! ऐसी घटनाएं इतनी आम हो गई हैं कि अब वैसा गुस्सा नजर नहीं आता, जिसकी कभी कांग्रेस को भारी कीमत चुकानी पड़ी थी। जब इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में संजय गांधी को अपने उत्तराधिकारी के रूप में आगे बढ़ाना शुरू किया, तो समाज में उसको लेकर एक तरह की वितृष्णा देखी गई। एक विमान हादसे में संजय गांधी की मौत के बाद जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अपने बड़े बेटे राजीव गांधी को उनकी पायलट की नौकरी छुड़वा कर राजनीति में खींच लाईं, तो यह वितृष्णा और बढ़ी। जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाया गया, तो अनेक लोगों ने कहा था कि यह घटना भारतीय नागरिकों को %प्रजा' बना देना है। कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए। भाजपा और कम्युनिस्ट पार्टियां ही शायद ऐसे दल बचे हैं, जहां सर्वोच्च स्तर पर वंश के आधार नेतृत्व तय नहीं हुआ है। हालांकि निचले स्तर पर वहां भी ऐसी मिसालें कम नहीं हैं। इस तरह चुनावी लोकतंत्र में सामंतवाद की वापसी हो गई है। अब चुनावों में सवाल सिर्फ यह रह गया है कि लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे!

# भत्ता नहीं, स्वरोजगार का बंदोबस्त कीजिए

**राजेश वर्मा**




युवा बेरोजगारी भत्ते की नहीं, रोजगार की मांग करता है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ते की लत डालने की बजाय स्वरोजगार की तरफ ले जाना चाहिए, ताकि कोई युवा व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर सरकार की तरफटकटकी लगाए न देखे। वह अपना कार्य शुरू करे। उन्हें बिना ब्याज दर के स्वरोजगार के लिए आसान ऋण उपलब्ध करवाया जाए बेरोजगारी-एक ऐसा नाम जो माथे पर चिंता की लकीरें उकेर देता है। प्रत्येक व्यक्ति खुद से या फिर अपने परिवार से इस शब्द को दूर करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता है। बेरोजगारी का अभिप्राय है, काम करने योग्य इच्छुक व्यक्ति को कोई काम न मिलना। मौजूदा समय में बेरोजगारी की समस्या से शहर और गांव दोनों आक्रांत है। समय-समय पर सरकारें बेरोजगारी को कम करने के लिए प्रयासरत रहती हैं। कम करना इसलिए कहूंगा, क्योंकि बेरोजगारी को पूरी तरह से खत्म करना किसी भी देश प्रदेश के लिए संभव नहीं। यह किसी न किसी रूप में, किसी न किसी क्षेत्र में सदैव विद्यमान रहती है। इसी समस्या को कुछ हद तक कम करने के लिए अल्पकालिक उपाय में से एक है 'बेरोजगारी भत्ता'। देश के कई राज्यों में बेरोजगारों की फौज को राहत के तौर पर 'बेरोजगारी भत्ता' नामक एक ऐसी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे कुछ हद तक बेरोजगारों का दर्द कम हो सके। इसी बेरोजगारी भत्ते की चर्चा हमारे प्रदेश में भी समय-समय पर किसी न किसी वजह से होती रही है। मैं व्यक्तिगत तौर पर इस बात की तरफनहीं जाना चाहता कि प्रदेश में बेरोजगारों को राहत के तौर पर बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान किया जाए या न किया जाए, लेकिन कुछेक पहलूओं पर जरूर प्रकाश डालना चाहूंगा जो शायद बेरोजगारी भत्ते को पहला और अंतिम विकल्प नहीं मानते। बेरोजगारी दर या आंकड़ों पर गौर किया जाए, तो प्रदेश के श्रम एवं रोजगार कार्यलय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार अभी तक आठ लाख के लगभग बेरोजगार प्रदेश के विभिन्न रोजगार कार्यालयों मे पंजीकृत हैं। इनमें से लगभग 67 हजार के लगभग स्नातकोत्तर, एक लाख के करीब स्नातक, छह लाख के आसपास मैट्रिक से लेकर अंडर ग्रेजुएट तक, 60 हजार के करीब अंडर मैट्रिक बेरोजगार प्रदेश के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में दर्ज हैं। बेशक यह आंकड़ा आठ लाख से ऊपर है, परंतु हकीकत में मेरा मानना यह है कि वास्तव बेरोजगारी इसका 50 फीसदी है। आज प्रत्येक युवा जब तक सरकारी नौकरी हासिल नहीं कर लेता, तब तक वह अपना नाम अपने क्षेत्र के रोजगार कार्यालय में दर्ज करवा कर रखता है। आठ लाख में से 50 फीसदी इसलिए कहूंगा, क्योंकि यह 50 फीसदी निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त किए हुए हैं। लेकिन हम बेरोजगारी के इन आंकड़ों को केवल सरकारी क्षेत्र से ही जोड़ कर देखते हैं। वहीं इस 50 फीसदी का आधा हिस्सा उस वर्ग से संबंधित है, जो निजी क्षेत्र में एक सम्मानजनक वेतन पर जीवनयापन कर रहा है, जबकि उसका नाम अभी भी प्रदेश के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में दर्ज है। सरकारी नौकरी की चाहत में वह युवा वर्ग भी अपना नाम नहीं कटवा पाता, जिसे सरकारी क्षेत्र से कहीं अधिक वेतन निजी क्षेत्र में मिल रहा है। कुल मिलाकर प्रदेश में बेरोजगारी भत्ते की पात्रता के लिए 3.4 लाख बेरोजगारों का आंकड़ा ही बनता है बात चली है बेरोजगारी भत्ते की। एक युवा अपने रोजगार को ध्यान में रखते हुए भविष्य की पढ़ाई का चुनाव करता है, ताकि उसे अपनी उच्च शिक्षा या व्यावसायिक शिक्षा पूरी करने के बाद रोजगार प्राप्त हो। लेकिन यह इतना भी आसान नजर नहीं आता। सवाल यह है कि आखिर जब तक रोजगार उपलब्ध न हो, तब तक किया क्या जाए? क्या बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान ही अंतिम विकल्प हो सकता है। शायद देश प्रदेश का कोई भी बेरोजगार युवा बेरोजगारी भत्ता नहीं चाहेगा, वह रोजगार चाहेगा। बात यदि अपने प्रदेश की करें, तो किसी भी सरकार के लिए यह संभव नहीं कि 3.4 लाख लोगों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। वजह यह कि हमारे पास इतने संसाधन नहीं, जिनसे हम इस मांग को पूरा कर सकें। न ही हमारे प्रदेश का युवा बेरोजगारी भत्ते की मांग करता है। वह रोजगार की मांग करता है। मेरी नजर में युवाओं को बेरोजगारी भत्ते की लत डालने की बजाय स्वरोजगार की तरफ ले जाना चाहिए, ताकि कोई युवा व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर सरकार की तरफटकटकी लगाए न देखे। वह अपना कार्य शुरू करे। उन्हें बिना ब्याज दर के स्वरोजगार के लिए आसान ऋण उपलब्ध करवाया जाए। दूसरी ओर जो युवा उच्च शिक्षा प्राप्त हैं, उन्हें केंद्रीय व राज्य के अधीन होने वाली विभिन्न पदों की भर्ती हेतु लिया जाने वाला आवेदन शुल्क खत्म किया जाए। आज किसी भी भर्ती हेतु आवेदन करने के लिए एक बेरोजगार युवा का कम से कम पांच सौ रुपए के लगभग खर्च बैठता है। कुछेक पढ़े-लिखे युवा तो कई बार आवेदन शुल्क न होने के कारण आवेदन तक नहीं कर पाते। जब तक वह बेरोजगार है, तब तक उससे बिना शुल्क लिए रोजगार संबधी अवसरों में नि:शुल्क बैठने का मौका तो दिया ही जा सकता है। यह इमदाद बेरोजगारी भत्ते से कहीं बढ़कर होगी। यह किसी न किसी रूप में, किसी न किसी क्षेत्र में सदैव विद्यमान रहती है। इसी समस्या को कुछ हद तक कम करने के लिए अल्पकालिक उपाय में से एक है 'बेरोजगारी भत्ता'। देश के कई राज्यों में बेरोजगारों की फौज को राहत के तौर पर 'बेरोजगारी भत्ता' नामक एक ऐसी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे कुछ हद तक बेरोजगारों का दर्द कम हो सके। इसी बेरोजगारी भत्ते की चर्चा हमारे प्रदेश में भी समय-समय पर किसी न किसी वजह से होती रही है। मैं व्यक्तिगत तौर पर इस बात की तरफनहीं जाना चाहता कि प्रदेश में बेरोजगारों को राहत के तौर पर बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान किया जाए या न किया जाए, लेकिन कुछेक पहलूओं पर जरूर प्रकाश डालना चाहूंगा जो शायद बेरोजगारी भत्ते को पहला और अंतिम विकल्प नहीं मानते। बेरोजगारी दर या आंकड़ों पर गौर किया जाए, तो प्रदेश के श्रम एवं रोजगार कार्यलय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार अभी तक आठ लाख के लगभग बेरोजगार प्रदेश के विभिन्न रोजगार कार्यालयों मे पंजीकृत हैं। इनमें से लगभग 67 हजार के लगभग स्नातकोत्तर, एक लाख के करीब स्नातक, छह लाख के आसपास मैट्रिक से लेकर अंडर ग्रेजुएट तक, 60 हजार के करीब अंडर मैट्रिक बेरोजगार प्रदेश के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में दर्ज हैं। बेशक यह आंकड़ा आठ लाख से ऊपर है, परंतु हकीकत में मेरा मानना यह है कि वास्तव बेरोजगारी इसका 50 फीसदी है। एक वर्ष में कहीं 10 बार विभिन्न पदों के लिए आवेदन करना पड़े, तो यही खर्च करीब 5 हजार के आसपास बैठता है। यह तो बेरोजगार वर्ग के लिए 'एक तो कंगाली, ऊपर से आटा गीला' वाली कहावत चरितार्थ करती है। यदि युवावस्था में बेरोजगारी भत्ते की आदत डाल दी जाएगी, तो हमारा युवा उसे ही अपना कर्म मानकर अपनी अंदर की योग्यता को धीरे-धीरे खत्म कर देगा। वह उसे ही अंतिम विकल्प मान लेगा और शायद यह किसी धीमे जहर से कम नहीं होगा। हमें बीमारी को जड़ से खत्म करने का उपचार चाहिए, न कि बीमारी को पालने का। यह जड़ से उपचार बेरोजगारी भत्ता देकर नहीं। बल्कि रोजगार उपलब्ध करवा कर, स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर ही संभव है।

## आलेख

# भारत के पोषण लाभ और प्रगति को और मजबूत करने और निरंतरता बनाए रखने की दिशा की ओर

समग्र कल्याण के लिए अच्छा पोषण बेहद ज़रुरी है और राष्ट्र के स्वास्थ्य और विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पोषण मिलने से, खासकर गर्भावस्था के दौरान, जन्म लेने वाले शिशु स्वस्थ होते हैं और उनकी जीवनभर बेहतर स्वास्थ्य के साथ जीवन का आनंद लेने की संभावना ज्यादा होती है। बचपन में उचित पोषण प्राप्त होने का असर बच्चों की बेहतर आईक्यू, उत्पादकता में वृद्धि और वयस्क होने पर बेहतर धन संग्रह पर भी पड़ता है। गर्भाधान के पहले 1,000 दिनों के दौरान पोषण को प्राथमिकता देना, किसी भी पीढ़ी में कुपोषण के चक्र को तोड़ने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पिछले साल कोपेनहेगन सहमति की एक रिपोर्ट के अनुसार, सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पोषण में निवेश करना सबसे प्रभावी रणनीति है। 7वां राष्ट्रीय पोषण माह 1 सितंबर से 30 सितंबर, 2024 तक मनाया गया। इस संदर्भ में, यह जानना बेहद ज़रुरी है कि शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा भी कुपोषण के दीर्घकालिक प्रभाव देखे जाते है, जो खासकर सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को भी प्रभावित करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में पीएम-पोषण योजना, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) जैसे विभिन्न मंत्रालयों के सहयोगात्मक प्रयास इसी समझ को दर्शाते हैं। महिला और बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) के नेतृत्व में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 जैसे कार्यक्रम, पोषण परिणामों में सुधार लाने और बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और नर्सिंग माताओं में कुपोषण की चुनौतियों का समाधान करने के मकसद से संस्थागत समर्थन का एक अनूठा मॉडल पेश करते हैं। सक्षम आंगनवाड़ी पहल के तहत, आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) बुनियादी पोषण सहायता के इतर भी व्यापक सेवाएं प्रदान करते हैं। इन सेवाओं में स्वस्थ भोजन, प्रसवपूर्व और प्रसव के बाद की देखभाल, स्तनपान की प्रक्रिया और पूरक आहार के महत्व पर मार्गदर्शन देना शामिल हैं। अपने नियमित स्वास्थ्य जांच अभ्यासों के ज़रिए, यह कुपोषण और अन्य स्वास्थ्य मुद्दों के लिहाज़ से बच्चों का मूल्यांकन करता है और उचित सहायता प्रदान करता है। आंगनवाड़ी केंद्रों को बचपन के समय में ही प्रारंभिक विकास को बढ़ावा देते हुए मातृ एवं बाल पोषण प्रयासों में सहायता करके, देखभाल की निरंतरता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कुपोषण से निपटने के लिए नीति निर्माण में डेटा-संचालित समाधान सुनिश्चित करने में होने वाली प्रगति ही पोषण ट्रैकर की शुरूआत है। यह बेहद सक्रिय मंच, पोषण सेवाओं की योजना, निष्पादन और निगरानी में सहायता करता है ताकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित बच्चों की पहचान कर सकें और सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाया जा सके। इस योजना के तहत एक अन्य पहल पोषण वाटिका (पोषण उद्यान) की भी शुरुआत की गई है। आमतौर पर आंगनवाड़ी केंद्रों में स्थापित इन किचन गार्डन का मकसद ताजा, स्थानीय रूप से उगाई गई सब्जियां और फल प्रदान करके बच्चों और महिलाओं के पोषण को बेहतर बनाना है। यह पहल न केवल सबसे ज़रुरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता में सुधार करती है बल्कि आत्मनिर्भरता और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर समुदायों को सशक्त भी बनाती है। यह खाद्य योजनाओं को स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप बनाने की अनुमति देता है, आहार विविधता और सतत् भोजन लेने की विचारधारा का समर्थन करता है। जलवायु परिवर्तन के बीच खाद्य प्रणालियों की संवेदनशीलता के संदर्भ में भारत ने बाजरा को बढ़ावा दिया है, जो जलवायु के लिहाज़ से बेहतर और ज्यादा पौष्टिक हैं। वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मान्यता प्राप्त, ये फसलें प्रोटीन,ज़रुरी फैटी एसिड, फाइबर, विटामिन बी और प्रमुख खनिजों से भरपूर हैं, जो खासकर महिलाओं और बच्चों में एनीमिया जैसी कमियों को दूर करने में मदद करती हैं। बाजरा पोषण अभियान का एक प्रमुख भाग है और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से किशोर लड़कियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं और छोटे बच्चों को प्रदान किए जाने वाले पूरक पोषण में शामिल है।

# पाश्चात्य के मोह में पीछे छूटती लोक संस्कृति

**अनुज कुमार आचार्य**

आधुनिकता की दौड़ में हिमाचल के लोग, विशेष रूप से युवा कदमताल करते नजर आते हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही है कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक परंपराएं कहीं पीछे छूटती नजर आएंगी। फैशनपरस्ती ने पारंपरिक परिधानों के ऊपर बढ़त बना ली है, तो वहीं हमारी लोक संस्कृति पर डीजे संस्कृति हावी हो गई है हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से तो मशहूर है ही, वहीं अपनी प्राचीन संस्कृति, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं परंपराओं के लिए भी विश्वविख्यात है। हमारी पुरातन लोक संस्कृति में हमारे प्राचीन देवालय, शक्तिपीठ, गीत-संगीत, प्राचीन वाद्ययंत्र, खान-पान एवं पारंपरिक वेशभूषाएं शामिल हैं। आजादी के बाद अप्रैल, 1948 में केंद्र शासित प्रदेश के रूप में अस्तित्व में आने और 25 जनवरी, 1971 को भारतीय गणराज्य का 18वां राज्य बनने के बाद से हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा एवं विकास के क्षेत्र में एक लंबी छलांग लगाई है। वर्तमान समय में हिमाचली नित नए क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ रहे हैं और अपना एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। आधुनिकता की दौड़ में अब हिमाचल प्रदेश के लोग, विशेष रूप से हमारी युवा पीढ़ी कदमताल करती नजर आती है। ऐसे में स्वाभाविक ही है कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक परंपराएं कहीं पीछे छूटती नजर आएंगी। फैशनपरस्ती ने पारंपरिक परिधानों के ऊपर बढ़त बना ली है, तो वहीं हमारी लोक संस्कृति पर डीजे संस्कृति हावी हो गई है। इसलिए यह आवाज उठाना जायज ही है कि किस प्रकार से हिमाचल प्रदेश की परंपरागत पुरातन लोक संस्कृति को जीवंत रखा जाए। अभी पिछले दिनों एक विवाह समारोह में धाम के दौरान कांगड़ा घाटी के जिया नामक गांव के मशहूर लोक गायक कश्मीरी लाल से भेंट हुई, तो वार्तालाप के दौरान डीजे संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण हिमाचली लोक गायन पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव का दर्द उनकी जुबां पर आ ही गया। वाद्य यंत्रों खंजरी, रबाना और मुशादा के साथ अपने साथी सोनू की ढोलक की ताल पर कांगड़ा-चंबा के संगीत एवं लोक गायन को नई पहचान देने वाले कश्मीरी लाल के गाए जाने वाले गीतों, 'शिव कैलाशों के वासी', 'नया जमाना आई गेया', 'सोणी-सोणी शिमले री सड़कां जिंदे', 'कुंजू चंचलो' और 'बड़ियां जो तुड़का लाणा ठेकेदारनिए' की श्रोताओं में बेहद मांग रहती है। इनका मानना है कि हिमाचल प्रदेश में जिला, राज्य एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्सवों में आयोजित होने वाली धार्मिक-सांस्कृतिक संध्याओं में ज्यादा से ज्यादा हिमाचली लोक गायकों और कलाकारों को उचित मान-सम्मान एवं मानदेय देकर मंच देने की जरूरत है, ताकि हिमाचल प्रदेश की नई युवा पीढ़ी को अपनी पुरातन संस्कृति से जोड़ा जा सके। इसके अलावा प्रदेश के लोक संस्कृति विभाग, आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्रों के कार्यक्रमों में भी नियमित रूप से हिमाचली पारंपरिक वाद्य संगीत एवं गायन से जुड़ी हस्तियों को बुलावा मिले, यह आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। अमूमन यह भी देखने को मिलता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं में बड़ी मात्रा में पंजाबी एवं मुंबइया कलाकारों को तरजीह दी जाती है। उन पर भारी भरकम राशि भी लुटाई जाती है, जबकि चंदेक हिमाचली कलाकारों को छोड़कर अधिकतर युवा हिमाचली गायकों को मुट्ठी भर मानदेय देकर चलता कर दिया जाता है। यह भी उतना ही सत्य है कि पंजाब और मुंबई सहित अन्य राज्यों में हिमाचल के कलाकारों को शायद ही नियमित अंतराल पर अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया जाता हो? हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा-चंबा घाटी के संस्कार गीतों में हस्नु खेलनूं, मुंडन, यज्ञोपवीत एवं विवाह संस्कारों में गाए जाने वाले गीतों के बारे हमारी नई पीढ़ी लगभग नावाकिफ है। कारण स्पष्ट है, एक तो एकल परिवारों का चलन, ऊपर से पठन-पाठन की बाध्यता, तीसरे पाश्चात्य संस्कृति का बढ़ता प्रभाव। पहले पंजाप-गूंतर में ढोलक की थाप पर जन्म संस्कार गीत गाए जाते थे। घरों में नाते-रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल होता था। और तो और, शादियों में जब बारात को आंगन में बिठाकर घरों की ऊपर वाली खिड़कियों में महिलाओं एवं नवयुवतियों के झुंड अपने गीतों में, जिन्हें पारंपरिक शब्दावली में गालियां कहा जाता था, कुछ खास-खास बारातियों के नाम लेकर उलाहने एवं गीत गातीं थीं, तो बरबस ही सभी का ध्यान ऐसे सुंदर नजारों पर केंद्रित हो जाता था। लेकिन आज मैरिज पैलेसों के चलन के चलते ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति से गायब हो चुके हैं। हालांकि पिछले वर्ष आकाशवाणी धर्मशाला केंद्र द्वारा ऐसे सभी संस्कारों से जुड़े गीत-संगीत की रिकार्डिंग करके सौ से ज्यादा संस्कार गीतों का संकलन करने की सराहनीय पहल भी की गई है। पारंपरिक मांगलिक कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक समारोहों में बजाए जाने वाले वाद्य यंत्रों जैसे कि झांझ, मजीरा, खड़ताल, चिमटा, घड़ियाल, थाली, घुंघरू, ढोलकू, नगाड़ा, ढमामा, दमगट, नगारट, गुज्जू, डोरू, हुड़क, रणसिंगा, करनाल, तुरही, बांसुरी और शहनाई बजाने वाले लोक कलाकारों को संरक्षण एवं प्रोत्साहन मिले। और हिमाचल प्रदेश की संस्कृति की अनूठी पहचान बनी रहे, इसके लिए विशेष प्रावधान करने होंगे। इसी तरह से हम हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति की धरोहर को सहेज पाएंगे और अपनी आने वाली पीढ़ियों को हस्तांतरित करने में सक्षम होंगे। हिमाचली जनता को भी चाहिए कि प्रदेश के बाहर के लटके-झटके वाली मनोरंजन शैलियों के विपरीत अपने पारंपरिक गीत-संगीत एवं कलाकारों को प्रोत्साहन दें।

# शिक्षा के ढर्रें को बदलने का वक्त.....

**सुदर्शन कुमार**

अगर चपरासी ही बनना था, तो उसके लिए पीएचडी करने की क्या जरूरत थी। चपरासी तो दसवीं के बाद या पहले भी बना जा सकता है। यानी हम यह समझें कि आजकल जो शिक्षा व्यवस्था चली है, वह अंग्रेजों की भारतीयों को क्लर्क बनाने की व्यवस्था से भी बदतर है अपने विचारों को प्रकट करना हमारा अधिकार है, परंतु इस दौरान विचारों की तर्कसंगत और विश्वसनीय अभिव्यक्ति हो, इसका ख्याल रखना हमारा दायित्व बनता है। रोजगार एक ऐसा विषय है, जिसका हम विभिन्न कोणों से विश्लेषण करने की कोशिश करेंगे। विचार करने योग्य बात है कि सफाई कर्मचारी की भर्ती के लिए झाड़ू लगाना और नालियों की सफाई करना तर्कसंगत नहीं, परंतु बेरोजगार शिक्षक का मात्र 3000 से 4000 मासिक वेतन के लिए भरी कक्षा के सामने शिक्षण कार्य का परीक्षण लेना कहां तक तर्कसंगत है? पढ़े-लिखे बेरोजगार को नजरअंदाज करके दसवीं या बारहवीं पास अप्रशिक्षित व्यक्ति को सरकारी नौकरी पर लगाना और फिर सरकारी खर्चे पर प्रशिक्षण करवाना कितना तर्कसंगत है? एक व्यक्ति जिसने अपना सारा जीवन शिक्षा प्राप्त करने में लगा दिया, उसका फिर से प्रवेश परीक्षा द्वारा या फिर साक्षात्कार के नाम पर शोषण करना कितना तर्कसंगत है? आज हम ऐसी शिक्षण नीतियां बना रहे हैं, जिनसे हर बच्चे का स्कूल में जाना अनिवार्य हो जाए और वह फेल भी न हो, परंतु क्या हमारे पास कोई ऐसी नीति भी है कि प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार भी मिल सके? शिक्षा का मकसद आज सिर्फडिग्री लेना ही रह गया है। डिग्री लेने के बाद मकसद होता है कोई छोटी-मोटी नौकरी करना यानी जीवन के लक्ष्य को हमने कितना समेट दिया है। बेरोजगारी का आलम देश में यह है कि अगर कहीं चपरासी की एक पोस्ट निकलती है, तो उसके लिए लाखों आवेदन आ जाते हैं। और जानकर हैरानी होती है कि चपरासी के पद के लिए बीए, एमए या पीएचडी उम्मीदवार आवेदन करते हैं। इसका मतलब तो यही हुआ कि हम किसी भी तरह पेट भरने का जुगाड़ करने तक ही सीमित होना चाहते हैं। अगर चपरासी ही बनना था, तो उसके लिए पीएचडी करने की क्या जरूरत थी। चपरासी तो दसवीं के बाद या पहले भी बना जा सकता है। यानी हम यह समझें कि आजकल जो शिक्षा व्यवस्था चली है, वह अंग्रेजों की भारतीयों को क्लर्क बनाने की व्यवस्था से भी बदतर है। सरकार हर बजट में शिक्षा के लिए करोड़ों रुपए का बजट शिक्षा के नाम पर रखती है और व्यवस्थाएं हमारे स्कूलों में देखो, तो कहीं पीने का पानी नहीं है, कहीं शौचालय नहीं है, तो कहीं खेल का मैदान नहीं है। न प्रशासन को चिंता और न अभिभावकों ने जहमत उठाई कि पता तो करें कि जिस स्कूल में हमारे बच्चे पढ़ रहे हैं, वहां पढ़ाने वाला स्टाफ काबिल है, वहां पर वे सब सुविधाएं हैं जिनसे बच्चे का विकास होता है। अध्यापक सिर्फ सिलेबस कवर करने को ही अपनी जिम्मेदारी समझता है। जब शिक्षा का ढर्रा ही ऐसा बन गया है, तो राजेगार नीति भी ढुलमुल ही होगी। सरकार अपने बजट को बचाने के लिए अनुबंध पर अप्रशिक्षित लोगों को रख लेती है, पर सरकार को क्या पता कि अपने थोड़े से लाभ के लिए वह छात्रों के भविष्य से कितना बड़ा खिलवाड़ करती है। जब अध्यापक ही काबिल नहीं होगा, तो वह छात्रों को क्या शिक्षित करेगा। अध्यापक जिसे हर वक्त अपनी नियुक्ति से हटने का डर लगा रहेगा कि कब रेगुलर अध्यापक आ जाने से उसे हटा दिया जाएगा, तो वह भला पढ़ाने में कहां ध्यान लगा पाएगा। कुछ दिन पूर्व लेखक रणजीत सिंह ने अपने लेख सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा घटाकर 56 वर्ष निर्धारित करने का सुझाव दिया था। उनका यह सुझाव ठीक है और संभवतया इस फार्मूले को अपनाकर हम एक सेवारत कर्मचारी का सेवानिवृत्ति के बाद की पेंशन देकर दो अतिरिक्त नियुक्त किए जाने वाले युवाओं को वेतन का भी भुगतान कर सकते हैं। लेकिन हमारी रोजगार नीति का दूसरा अहम पहलू यह है कि नौकरी प्रवेश में उम्र सीमा 45 वर्ष तक तय करके हम अपने बेरोजगार युवाओं को कौन सी दिशा दिखा रहे हैं? क्या अब इस नीति में बदलाव की जरूरत महसूस नहीं हो रही है? समस्याओं को समस्याओं की तरह देखना और फिर बस देखते ही रहना उसका कोई समाधान तो नहीं माना जा सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि समस्याओं को भलीभांति समझकर उसके समाधान के लिए एक समग्र नीति बनाकर क्रियान्वित की जाए। 45 वर्ष की आयु तक रोजगार के झुनझुने या बेरोजगारी भत्ते में वह कुव्वत नहीं, जिससे युवा संतुष्ट हो जाएं। भत्तों से आगे बढ़ते हुए अब शासन व्यवस्था को व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। इस दिशा में हमें इस हकीकत को भी समझना होगा कि हर युवा को सरकारी नौकरी नहीं दी जा सकती, तो कम से कम प्रदेश भर में स्वरोजगार की कुछ ऐसे संभावनाएं तो ढूंढी ही जा सकती हैं, जहां से युवाओं में एक न्यूनतम व सम्मानजनक आर्थिकी सुनिश्चित की जा सके। पहल सरकार की तरफ से होना जरूरी है कि वह युवाओं को सपने या सब्जबाग न दिखाकर उन्हें सही मार्गदर्शन करे। बेरोजगारी भत्ता या कौशल विकास भत्ता तो युवाओं को लॉलीपाप दिखाना है।



# सामाजिक, राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य एवं संस्कृतनिष्ठ पत्रकारिता पर एक दिवसीय संगोष्ठी संपन्न



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** सामाजिक, राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य एवं संस्कृतनिष्ठ पत्रकारिता पर परिचर्चा हेतु माता सुन्दरी महाविद्यालय एवं दिल्ली संस्कृत अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन 4th अक्टूबर को माता सुन्दरी महाविद्यालय के बेबे नानकी सभागृह में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में माता सुंदरी महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर हरप्रीत कौर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वस्थ पत्रकारिता की आवश्यकता पर जोर डाला तथा वक्ताओं का स्वागत किया।

इस गंभीर विषय पर 5 वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। प्रोप्त मीरा द्विवेदी-प्रभारी संस्कृत विभाग दक्षिण दिल्ली परिसर ने संस्कृत पत्र पत्रिकाओं के सम्पादकों की भारतीय स्वतंत्रतासंग्राम विषयक दृष्टि पर अपने विचार रखें। दूसरे वक्ता डॉ. बलदेवानन्द सागर-महासचिव भारतीय संस्कृत पत्रकार संघ ने परतंत्र एवं स्वतंत्र भारत के आलोक में संस्कृतनिष्ठ पत्रकारिता पर अपने विचार व्यक्त किये। डॉ. सुनील जोशी-सहायक अध्यापक हिन्दू महाविद्यालय ने संस्कृत पत्रकारिता-वर्तमान दशा और भविष्योन्मुखी दिशा।

'दूरदर्शन के विशेष सन्दर्भ में' इस विषय पर अपने विचार रखें। ऋचा झा- न्यूज रीडर U AIR ने आकाशवाणी एवं संस्कृत पत्रकारिता दशा व दिशा। इस विषय पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ हर्षा कुमारी थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ कामिनी कौर ने किया।

कार्यक्रम में संस्कृत विभाग तथा अन्य विभाग के शिक्षक तथा छात्राएं उपस्थित थीं। डॉ. कुलदीप कुमार सहगल ने माता सुंदरी महाविद्यालय की ओर से धन्यवाद ज्ञापन किया।

# जीवन में परिवर्तन सही दिशा में करना चाहिए : मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज

### मुनि संघ का गुरुवार को सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश



**जयपुर (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ का गुरुवार 10 अक्टूबर को प्रात: 7.00 बजे तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इससे पूर्व सिद्धार्थ नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर महावीर स्वामी खण्डाकान् से मंगल विहार कर तारों की कूट पेट्रोल पंप पर पहुचे जहाँ से बैण्ड बाजों के साथ शोभायात्रा के रुप में सूर्य नगर के दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर विनोद जैन कोटखावदा, पारस कासलीवाल, अमित काला, सुधीर लोंग्या एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मुनि श्री के पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर भव्य अगवानी की।

मंदिर दर्शन के बाद मुनि श्री के सानिध्य में धर्म सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला मण्डल की सदस्याओं द्वारा गुरु भक्ति में मन को लगा के, आये गुरुवर मेरे द्वार, मेरा रोम रोम हर्षाया है... मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। काला परिवार एवं दिल्ली, चैन्नई, कोटा, गुवाहाटी के श्रद्धालुओं द्वारा पाद पक्षालन किया गया। विनोद जैन कोटखावदा, पारस कासलीवाल, सुधीर लोंग्या, मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन जैन, मंत्री धनेश सेठी एवं समिति सदस्यों द्वारा मुनि श्री को शास्त्र भेट किया गया। इससे पूर्व गायक एवं संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज की अष्ट द्रव्य से पूजा की गई। इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में मुनि श्री ने प्रवचन देते हुए कहा कि जो व्यक्ति परिवर्तन को सही दिशा और दशा में स्वीकार करता है, वह कभी भी दु:खी नहीं हो सकता।

जीवन में परिवर्तन सही दिशा की ओर करना चाहिए और इस सही परिवर्तन को मानव को स्वीकार करना चाहिए। मनुष्य को समीचीन दिशा की ओर बढ़ना चाहिए। त्रिकाल और त्रिलोक में सम्यक्तव से बढकर कुछ भी नहीं है। सम्यक्तव से मिथ्यात्व की ओर परिवर्तन स्वीकार नहीं करना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि सच्चा जैन वहीं है जो पहले भजन करे फिर भोजन करे।

इस मौके पर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति मीरा मार्ग के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, तेज करण चौधरी, मनोज जैन, जम्बू सोगानी, अरुण श्रीमाल आदि एवं चित्रकूट कालोनी सांगानेर की प्रबंध कारिणी कमेटी के अध्यक्ष केवल चन्द गंगवाल, मंत्री अनिल पाटनी, ओम कटारिया आदि ने श्रीफल भेट कर कालोनी में पधारने हेतु निवेदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच संचालन मनोज जैन एवं विनोद जैन कोटखावदा ने किया। तत्पश्चात मुनि संघ की आहारचर्या हुई। सामायिक के बाद दोपहर 3 बजे धर्म की कक्षा एवं स्वाध्याय किया गया।

सायंकाल 5 बजे मुनिसंघ सूर्य नगर से मंगल विहार कर ऋषभ मार्ग पर कोटखावदा हाऊस पहुचा जहा पर मैना देवी कासलीवाल, मुन्ना जैन, विनोद जैन कोटखावदा, दीपिका जैन कोटखावदा के नेतृत्व में मुनि प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर अगवानी की गई। तत्पश्चात मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ बी टू बाई पास होते हुए मानसरोवर के मीरामार्ग स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुचे। जहां श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति मीरा मार्ग के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया के नेतृत्व में मुनि संघ की भव्य अगवानी की गई। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि शुक्रवार, 11 अक्टूबर को मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पारस पुराण का वाचन मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन में ही प्रात: 8:15 बजे से होगा। जयपुर में पहली बार होगी 5616 जिनबिम्बों की एक साथ आराधना नन्दीश्वर महामण्ड़ल विधान 13 अक्टूबर से प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक मुनिश्री के सानिध्य में जयपुर में पहली बार 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक मानसरोवर के सैक्टर 9 स्थित सामुदायिक केंद्र पर महामय नंदीश्वर पूजा विधान का विशाल आयोजन होगा, जिसमें पहलीबार जयपुर में 5616 जिनबिम्बों की एक साथ एक स्थान पर आराधना की जाएगी। -**विनोद जैन कोटखावदा**

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभी बेटियों को दी शुभकामनाएं



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी बेटियों को बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने, उन्हें सशक्त करने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 11 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में बालिकाओं के सामने आने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान के प्रति जागरूकता को बढ़ाने का दिन है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का विषय %भविष्य के लिए बालिकाओं का दृष्टिकोण% है। श्री साय ने कहा कि बेटियां देश-प्रदेश, समाज और परिवार का गौरव होती हैं। उन्हें सशक्त बनाने के लिए सुरक्षित और सहज माहौल देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां खूब पढें, निडर होकर आगे बढ़ें, अपने सपनों को साकार करें और घर-परिवार के साथ देश-प्रदेश की उन्नति में सहभागी बने, इसके लिए राज्य सरकार सदैव प्रयासरत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सम्मान की परम्परा है । हमारी बहन, बेटियों और माताओं के स्वास्थ्य और तरक्की के लिए बेहतर वातावरण निर्मित हो, इसके लिए शासन महतारी वंदन योजना,मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, शुचिता योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। इसी कारण आज छत्तीसगढ़ की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

### कण-कण में परमात्मा है : गुरुबख्श सिंह

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** विगत 06 अक्टूबर 24 को गरियाबंद जिले के पोस्ट ऑफिस के पास रोहरा परिवार के निवास स्थान पर रायपुर से आये



हुए संत गुरूबख्श सिंह कालरा (जोनल इंर्चाज) के तत्वावधान में निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया था जहां भुमका, महासमुंद, धमतरी, राजिम की साध संगत एंव सेवादारों ने बढ़-चढ़ कर सत्संग का लाभ उठाया। जिसमें रायपुर से आये संत गुरुबख्श सिंह कालरा (जोनल इंर्चाज) ने अपने विचारों में बताया कि ऐसी कोई भी जगह नहीं है जहां परमात्मा नहीं है, कण कण में परमात्मा है हर जगह परमात्मा है, बस इसका पहचान होना जरूरी है ओर ये पहचान सत्गुरू के ही माध्यम से हो सकती है, क्योंकि जब तक जानकारी नहीं है तब तक बात बनती नहीं है। और वहां पर मौजूद संत महात्मओं ने भी अपने गीतों-विचारों के माध्यम से अपने भाव रखे और ये संदेश दिया कि %ब्रम्ह की प्राप्ति भ्रम की समाप्ति ओर यह भ्रम सत्गुरू के ज्ञान के द्वारा ही समाप्त किया जा सकता है। क्योंकि बिना ज्ञान के कर्म कमाना समय का व्यर्थ होना है। इसी के साथ अंतिम कड़ी में राजिम ब्रांच के संयोजक गांधी सचदेव ने परम्-पिता परमात्मा का शुकराना करते हुए सत्संग में आये हुए जोनल इंर्चाज एंव सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और सत्संग से हाने वाले लाभ की चर्चा अपनें विचारों में की।

# आचार्य श्री वर्धमान सागर जी, सुनील सागर जी और पुलक सागर जी महाराज को पट्टाचार्य महामहोत्सव की आमंत्रण पत्रिका भेंट






**नांदणी (विश्व परिवार)।** श्रमण संस्कृति के समाधिस्थ गणाचार्य 108 श्री विरागसागर जी गुरुदेव के अंतिम उपदेशानुसार, आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी को पट्टाचार्य पद सुमति धाम, इंदौर में प्रदान किया जायेगा।

नांदणी (महाराष्ट्र) में, शुक्रवार दिनांक 27 सितम्बर 2024 को इंदौर नगर के महादानी सुमति धाम के न्यासी श्री मनीष जी गोधा और सपना जी गोधा गुरु भक्त परिवार द्वारा, श्रुत संवेगी श्रमण मुनि सुव्रत सागर जी के निर्देशन में एक भव्य मीटिंग आयोजित की गई थी। इस बैठक में देश के विविध राज्यों के अनेक गुरु-भक्तों ने सहभागिता की। मीटिंग के अन्तर्गत प्रमुख संयोजक श्री मनीष जी गोधा और श्रीमती सपना गोधा जी ने जानकारी दी की आयोजन 27 अप्रैल से 2 मई 2025 तक तीर्थ स्वरूप सुमति धाम, जिनालय इन्दौर (म.प्र.) में सम्पन्न होगा। रविवार 27 अप्रेल, 2025 को सम्पूर्ण संघों का एक साथ सुमति धाम में प्रवेश होगा। इस आयोजन में लगभग 500 संत-साध्वियाँ तथा 300 त्यागी-वृति सम्मिलित होंगे। 30 अप्रैल, अक्षय तृतीया के दिन पट्टाचार्य-पदारोहण के संस्कार होंगे। प्रात: काल मैं श्रमण संस्कृति के समाधिस्त गणाचार्य श्री विरागसागर महाराज जी की जन्म जयंती 2 मई को बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। यह आयोजन एक विशाल रूप में लगभग 65 एकड़ में सम्पन्न होगा। इंदौर नगर में प्रथम बार होने वाले चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी पट्टाचार्य महामहोत्सव के लिए राजस्थान के पारसोला में विराजमान प.पू आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससघं को पट्टाचार्य महामहोत्सव इंदौर आगमन हेतु श्रीफल भेंट कर आमंत्रण पत्रिका भेंट की गई।

चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी संघ के बालब्रह्मचारी पियुष भैया जी के नेतृत्व में महामहोत्सव कमेटी के गुरु भक्त परिवार के मनीष जी गोधा, सपना जी मनीष गोधा, हंसमुख गांधी, मनीष मोना एवं परिजनों ने गुरु चरणों में निवेदन किया कि महामहोत्सव में आप के पुरे संसघ का मंगलमय सानिध्य प्राप्त हो। वितरागी श्रमण संस्कृती के अध्यात्मिक सद्गुरू चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी पट्टाचार्य महामहोत्सव के लिए किशनगढ़ में आचार्य सुनील सागर महाराज जी ससघं को पट्टाचार्य महामहोत्सव के लिए इंदौर आगमन हेतु श्रीफल भेंट कर आमंत्रण पत्रिका भेंट की गई।

दिगंबराचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी पट्टाचार्य महामहोत्सव के लिए केसारिया जी में गुरुदेव पुलक सागर महाराज जी ससघं को पट्टाचार्य महामहोत्सव के लिए इंदौर आगमन हेतु श्रीफल भेंट कर आमंत्रण पत्रिका भेंट की गई। गुरु भक्त परिवार के मनीष जी गोधा और सपना जी गोधा, एवं परिजनों ने महामहोत्सव में आप के पुरे संसघ का मंगलमय सानिध्य प्राप्त हो ऐसा गुरु चरणों में निवेदन किया। -**अभिषेक अशोक पाटील**

# किसी भी परिस्थिति में तत्काल नहीं दें रिएक्शन : मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर रायपुर में आत्मोल्लास चातुर्मास की प्रवचनमाला जारी है। 9 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक शाश्वत नवपद ओली जी की आराधना तप और त्याग के साथ की जा रही है। गुरुवार को तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने धर्मसभा में कहा की जीवन के अंदर में दूसरों की मदद करने का अवसर आए तो कभी नहीं चुके, ऐसी अरिहंत पद की आराधना है। वहीं सिद्ध पद की आराधना के बारे में मुनिश्री ने कहा कि सिद्ध पद के लिए गुणों को आत्मसात करें। पुण्यबंध और कर्म निर्झरा के अलावा गुणों की प्राप्ति का लक्ष्य होना चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि किसी भी परिस्थिति के अंदर तत्काल एक्शन नहीं लेना चाहिए और रिएक्शन तुरंत नहीं देना चाहिए। यदि देना भी पड़े तो उस समय सिद्ध भगवंतों को याद करना चाहिए। संपूर्ण ज्ञान होने के बाद भी सिद्ध भगवंतों के जीवन में क्रिया और प्रतिक्रिया नहीं है और अनंत सुख के स्वामी है। यह सुख आत्मा में से ही प्रकट हुआ है। सुख को जनरेट नहीं करना है, सुख को आविष्कृत करना है। हम सुख को जनरेट करने की कोशिश करते हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा दुखी होते हैं। एक सुख प्राप्त होने के बाद उससे ज्यादा सुख प्राप्त करने जीव को लालसा रहती है। जीव उससे ज्यादा सुख प्राप्त करने के लिए और ज्यादा सुख की प्रवृत्ति करता है लेकिन सुख जो अंदर पड़ा है उसको जिस दिन अविष्कृत करेंगे वही वास्तविक सुख है, जो आत्मा का सुख है। समय, संयोग और व्यक्ति के द्वारा जो सुख मिलता है वह सुख समय, संयोग और व्यक्ति के जाने से दुख के रूप में बदल जाएगा, इसलिए सिद्ध भगवंतों की आराधना करनी चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि सिद्ध भगवंतों में अनंत दर्शन गुण होते हैं। वे सब कुछ देखते हैं लेकिन फिर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं देते। राग, द्वेष मोहनी कर्म के क्षय से उत्पन्न गुण के कारण से राग, द्वेष की परिणति उनके जीवन में नहीं है। राग द्वेष की परिणति संसारी जीव की होती है। सिद्ध भगवंतों ने अक्षय स्थिति प्राप्त की है। सिद्ध भगवंत जब सिद्धशीला में जाते हैं, मोक्ष में जाते हैं तब अनंत कल तक वहीं पर रहना है, उनकी स्थिति क्षय नहीं होगी। आगे जाकर उन्हें संसार में नहीं आना पड़ेगा, संसार में भ्रमण नहीं करना पड़ेगा। पांच अंतराय के क्षय से अभयावाद सुख उन्हें मिला है। किसी भी सुख के अंदर में उनको कोई रुकावट नहीं आएगी। आत्मा का वास्तविक सुख उन्हें प्राप्त होगा। इस तरह से 8 कर्म के क्षय से 8 गुणों की प्राप्ति सिद्ध भगवंतों को होती है। -**रविशंकर शर्मा**

# नेशनल गोल्फ आयोजन से छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा : मुख्य सचिव अमिताभ जैन

### नवा रायपुर में 24 से 26 अक्टूबर तक नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का होगा आयोजन

### देश के 20 राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी, प्रत्येक टीम में होंगे 6 सदस्य



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज नवा रायपुर के मेफेयर स्थित गोल्फ कोर्ट में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप प्री-लांच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम का भी चयन किया जाएगा। इससे अन्य खेलों के साथ गोल्फ खेल के लिए लोगों में रूचि बढ़ेगी। नेशनल गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नवा रायपुर में 24 से 26 अक्टूबर के बीच नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया रहा है। इस आयोजन में देश के 20 राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ सरकार की भी सहभागिता होगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि एक स्वस्थ मन के लिए स्वस्थ शरीर का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी को किसी न किसी खेल में हिस्सा लेना जरूरी है। नवा रायपुर पर्यटन के रूप में भी विकसित हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यहां की हरियाली को भी प्रमोट किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बादाम के पौधे का वृक्षारोपण भी किया।

नेशनल गोल्फ फेडरेशन के संस्थापक एवं महासचिव आर्यवीर आर्या ने इस आयोजन के संबंध में कहा कि गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) खेल, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और विजन भारत 2047 के लिए काम करने प्रतिबद्ध है। स्टार्टअप और राज्य पर्यटन विभाग छत्तीसगढ़ राज्य को बढ़ावा देने के लिए स्थल पर अपने स्टॉल लगा सकते हैं। नवा रायपुर में चैंपियनशिप का आयोजन होने से नवा रायपुर के गोल्फकोर्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने का प्लेटफार्म तैयार होगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ को लेकर बना परसेप्शन भी बदलेगा। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने बेटियों के पखारे पांव, अपने हाथों से कराया भोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अष्टमी के पावन अवसर पर सीएम निवास बगिया में नव कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने श्रद्धा भाव से नव कन्याओं का पूजन किया और उन्हें भोजन कराया। ज्ञात हॉप की नवरात्रि के अंतिम दिन कुंआरी कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। ये नौ कन्याएं मां का नौ स्वरूप मानी जाती है, इस दिन एक लांगुर की भी पूजा होती है, जिसे भैरव स्वरूप माना जाता है। नौ दिन व्रत रखने वाले भक्त कन्याओं को भोजन कराने के बाद ही अपना व्रत खोलते हैं। मान्यता है कि इस दिन कन्याओं को भोजन कराने से घर में सुख, शांति और संपन्नता आती है। कन्या पूजन की कन्याएं 10 वर्ष से कम आयु की हों तो जातक को कभी धन की कमी नही होती और उसका जीवन उन्नतशील रहता है।पूजन कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और विधिपूर्वक पूजन से हुई। कौशल्या साय ने सभी नव कन्याओं का पैर धोकर, उन्हें तिलक लगाकर, चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। कन्याओं को माँ दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका आर्शीवाद लिया। इस पूजन में कन्याओं को मिठाई, फल, और उपहार भी दिए गए। ज्ञात हो की इस साल 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि शुरू हुई, जिसका समापन 11 अक्टूबर को होगा. 12 अक्टूबर को माता दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन होगा।

नव कन्या पूजन भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसे देवी दुर्गा के नौ रूपों की आराधना के रूप में देखा जाता है। कौशल्या साय ने कहा कि, नव कन्या पूजन हमारे समाज की उस आस्था का प्रतीक है, जिसमें कन्याओं को देवी का स्वरूप माना जाता है। यह आयोजन हमारी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं की रक्षा करने का प्रयास है। पूजन के बाद सभी नव कन्याओं को पारंपरिक भोजन कराया गया। भोजन में पूरी, हलवा, चना, और अन्य व्यंजन परोसे गए। कौशल्या साय ने स्वयं कन्याओं को भोजन परोसकर आदरभाव प्रकट किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य महिलाएं भी इस आयोजन में शामिल होकर पूजा-अर्चना में सम्मिलित हुईं।

# कक्षा में सकारात्मक माहौल बनाएं शिक्षक : मुकेश शाह



**रायपुर (विश्व परिवार)।** क्लास रूम में शिक्षक प्रवेश करें तो विद्यार्थियों से कम्यूनिकेशन के पहले उन्हें कनेक्ट करें और पहले उन्हें अध्ययन हेतु सहज कराएं। कक्षा में अध्यापन के साथ-साथ सकारात्मक माहौल बनाएं रखें।

छात्रों की अच्छी आदतों व कार्यों के लिए तारीफ हेतु भी समय निकालें। कक्षा में लगातार चिल्लाने, डांटने, नकारात्मक बात करने, छात्रों की कमियां बताने, गुस्सा करते रहने से माहौल बोझिल हो जाता है जिससे विद्यार्थी अध्ययन हेतु सहज नहीं हो पाते और उनकी रूचि कम होने लगती है।

उक्ताशय के विचार डॉ. राधाकृष्णन स्कूल, गुढ़ियारी में नोडल अंतर्गत स्कूलों के शिक्षकों के लिए आयोजित ''ट्रेन द टीचर्स'' प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मुकेश शाह ने व्यक्त किए। उक्त कार्यक्रम में साईं कान्वेंट, गोंदवारा, लक्ष्य किड्स स्कूल शिवानंद नगर, डॉ.राधाकृष्णन स्कूल और नवयुग हायर सेकेण्डरी स्कूल, हीरापुर के टीचर्स शामिल हुए। प्रारंभ में श्री शाह समेत कृष्णकांत साहू, श्रीमती सुषमा दुबे व श्रीमती पिंकी देवांगन ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। बतौर प्रशिक्षक व वक्ता मुकेश शाह ने कहा कि स्कूल में कार्य का सकारात्मक माहौल बनाए रखने की जिम्मेदारी टीचर्स की होती है। किसी से अपनी तुलना करने की बजाय अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। मैनेजमेन्ट, अभिभावक व अन्य टीचर्स आदि की अच्छाइयों की चर्चा कर अपनी कमियों को पहचान कर उसे दुर करने का प्रयास करें। जिस संस्थान में आप शिक्षक हैं तथा जहां से आपको वेतन मिलता है, उस संस्थान की कभी भी निंदा या आलोचना ना करें बल्कि वहां की सकारात्मक बातों की चर्चा सबके सामने करें। जिस संस्थान ने आपको एक पहचान दी है उस संस्थान की गरिमा आप अपनी बातों व आचरण से बनाएं रखें। टीचर्स को हमेशा आशावादी दृष्टिकोण के साथ विद्यार्थियों के लिए मेहनत करना चाहिए। इससे परिणाम हमेशा बेहतर ही प्राप्त होते हैं। खुशी के लिए काम करने की बजाय खुश होकर काम करने से खुशी और बेहतर परिणाम दोनों प्राप्त होते हैं।नवीनता के साथ कार्य करने को अपनी आदत बनाएं। एक सामान्य शिक्षक की बजाय अपनी असाधारण क्षमता का उपयोग कर और अपनी रचनात्मकता से विद्यार्थियों के लिए एक आदर्श शिक्षक बनें। यदि आप कार्य करेंगे तो आपसे गलतियां भी होंगी तो उसको पहचान कर व आत्म चिंतन कर उसको सुधारने का प्रयास करें।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया तेज

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार, सुकमा जिले के विभिन्न राशन वितरण केंद्रों पर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इस क्रम में विकासखंड स्तर पर भी यह प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मंगलवार को विकासखंड सुकमा में 34, विकासखंड छिंदगढ़ में 177 और विकासखंड कोंटा में 46 कार्ड कुल 257 आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल कश्यप ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए हितग्राही को अपने आधार कार्ड के साथ ही राशन कार्ड में नाम होना आवश्यक है। इन दस्तावेजों के आधार पर जिले में प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए अपने नजदीकी राशन दुकान केन्द्रों पर जाकर आवश्यक दस्तावेज जमा कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं।

### भाजपा नेताओं को माओवादियों ने दी पार्टी छोड़ने की धमकी

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** माओवादियों ने एक प्रेस नोट जारी कर बीजापुर के दो भाजपा नेताओं को पार्टी छोड़ने फरमान सुनाया है। नक्सलियों ने दोनों पर कई आरोप भी लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ये प्रेस नोट नक्सलियों के मद्देड एरिया कमेटी के सचिव बुच्छन्न ने जारी किया है। इसमें भोपालपटनम के 2 भाजपा नेताओं को पार्टी छोड़ने को कहा गया है। जिन नेताओं को पार्टी छोड़ने कहा है, वे मंडल अध्यक्ष यालम वेंकेटश्वर और युवा मोर्चा नेता बिलाल खान है। नक्सलियों ने दोनों नेताओं पर संगठन को मजबूत करने का आरोप लगाया है। फिलहाल इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। बता दें कि नक्सलियों की काली करतूत थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को बीजापुर में ही धारदार हथियार से वार कर एक ग्रामीण की हत्या कर दी थी। युवक पर पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगाया था। जिसके बाद उसे मारकर शव गांव के रास्ते में फेंक दिया गया।

### देर रात फिर दिखा तेंदुआ

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय के अंदर रहवासी क्षेत्र में पिछले दो माह से लगातार दिखा रहा तेंदुआ के चलते क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है,वही इस समय चल रहे नौरात्र पर्व के चलते देर तक लोग माता के दर्शन को लेकर घूमते दिख रहे है,साथ ही नगर के पेट्रोल पंप,जेल कालोनी साई मंदिर पैरी नगर और ग्राम मजरकट्टा की और वन विभाग की टीम लगातार गस्त कर लोगो को सतर्क रहने की अपील कर रही है।इसी बीच मंगलवार और बुधवार के देर रात एक बजे पैरी नगर के फिल्टर प्लांट के पीछे पहाड़ के ऊपर एक तेंदुआ को बैठे देखा गया।इसकी जानकारी आग की तरह नगर में फैल गई और नगर के कुछ लोग तेंदुआ देखने की इच्छा से फिल्टर प्लांट के पास टॉर्च लेकर पहुंच गए और तेंदुआ को देखने लगे।गौरतलब है की पिछले कई महीने से तेंदुआ इस क्षेत्र में लगातार दिख रहा है लेकिन कोई भी जनहानि नही हुआ।फिर भी वन विभाग की टीम लगातार अपनी ड्यूटी कर लोगो की सुरक्षा में लगे हुए है।

### शरीर स्वस्थ रखने युवा कर रहे व्यायाम शाला का रूख

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** रामानुजगंज एक ओर नगर में तजी से नशा का प्रचलन बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर नगर में बड़ी संख्या में ऐसे युवा है जो अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम शाला नियमित रूप से जा रहे हैं। रामानुजगंज जैसे छोटे शहर में नगर पंचायत के द्वारा तीन व्यायाम शाला एवं दो निजी व्यायाम शाला संचालित हो रहा है। व्यायाम शाला के समान अन्य खेलकूद की गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों को नगर में बढ़ाई जाएगा तो निश्चित रूप से नशा के प्रचलन में लगाम लगेगा। गौरतलब है कि विगत कुछ वर्षों में नगर में तेजी से नशा का प्रचलन बढ़ते जा रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि कई घर के 13, 14 साल के उम्र से बच्चे नशा के लत है के आदी हो जा रहे हैं। स्थिति ऐसी हो रही है कि पहले घर में चोरी कर रहे हैं उसके बाद नगर में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। नशेड़ी युवकों से घर एवं समाज दोनों परेशान है। एक ओर युवाओं का बड़ा समूह नशा की ओर अग्रसर है वहीं दूसरा युवाओं का बड़ा समूह अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम साला का सहारा ले रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की पहल पर नगर पंचायत के द्वारा वार्ड क्रमांक 13, गांधी मैदान एवं वार्ड क्रमांक 6 में व्यायाम शाला संचालित हो रहा है वही नगर में दो अन्य नि व्यायाम शाला भी संचालित हो रहे हैं। बॉडी बनाने का क्रेज बढ़ा........ नगर में 13, 14 वर्ष की उम्र से युवा जहां नशा के लत की ओर बढ़ रहे हैं वही 16 से 17 वर्ष की उम्र से युवाओं में  बॉडी का क्रेज भी बढ़ रहा है।

# कलेक्टर इन्द्रजीत ने शासकीय आयुर्वेद अस्पताल डौण्डी एवं ग्राम कामता के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया

**गर्भवती एवं शिशुवती माताओं तथा बच्चों को पौष्टिक चिक्की प्रदान कर पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक भोजन करने की दी समझाईश**

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज डौण्डी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी में स्थित शासकीय आयुर्वेद अस्पताल एवं ग्राम कामता में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हें-मुन्हें बच्चों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक चिक्की भी प्रदान किया। उन्होंने गर्भवती माताओं को अपने गर्भस्थ शिशु को पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान करने तथा उन्हें कुपोषण से दूर रखने के लिए समुचित मात्रा में पौष्टिक खाद्य पदार्थ एवं भोजन ग्रहण करने की भी समझाईश दी। श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं



अधिकारियों से नियमित रूप से टीएलसी जाँच तथा आवश्यक दवाइयों के वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं की वजन के संबंध में जानकारी ली तथा मौके पर उनके वजन का माप भी कराया। श्री चन्द्रवाल ने गर्भवती माताओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को प्रदान की जाने वाली रेडी टू इट के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए सभी गर्भवती माताओं को रेडी टू इट का सेवन निर्धारित मात्रा एवं निर्धारित अवधि तक करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों से आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के समुचित देख-रेख तथा अध्ययन-अध्यापन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को कविता पढ़कर सुनाने को कहा। नन्हें-मुन्हें बच्चों के द्वारा सुमधुर कविता सुनाए जाने पर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने इसकी भूरी-भूरी सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने शासकीय आयुर्वेद अस्पताल डौण्डी के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा किया।

## न्युवोको में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का समापन समारोह मनाया गया

**बलौदाबाजार।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के मामले में भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने सोनाडीह लाइमस्टोन माइंस में भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र के तत्वावधान में ''स्वच्छता ही सेवा-2024'' पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम 1 अक्टूबर 2024 को सांस्कृतिक कार्यक्रम से शुरू हुआ और 2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छता रैली, वृक्षारोपण, सफाई मित्रों का सम्मान और प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ समाप्त हुआ। मुख्य अतिथि श्री प्रेम प्रकाश (क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर) और विशिष्ट अतिथि श्री डी. उपाध्याय (उप खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर) सहित श्री राजू रामचंद्रन (क्लस्टर प्रमुख, पूर्व क्षेत्र), श्री सरोज कुमार (सर्वेयर, भारतीय खान




ब्यूरो) और सोनाडीह सीमेंट प्लांट के प्रमुख श्री पी. के. सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 200 पौधे वितरित किए गए और स्वच्छता पर बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर और चित्रों का अवलोकन किया गया। श्री संजय कुमार शर्मा ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई, और आस-पास के गांवों के निवासी, स्कूल के बच्चे और जनप्रतिनिधियों ने उत्साह से भाग लिया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित गतिविधियों का स्लाइड शो प्रस्तुत किया गया, जिसमें हेल्थ कैंप, वृक्षारोपण और रैली शामिल थे। स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। खदान कर्मचारियों द्वारा नुक्कड़ नाटक (मूक अभिनय) किया गया। सफाई मित्रों का सम्मान किया गया, जिनके कार्यों को मुख्य अतिथि ने सराहा। स्वच्छता जागरूकता रैली और वृक्षारोपण इसके प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन श्री स्वपन रॉय ने किया, जबकि स्वागत भाषण हेड माइंस, श्री अशोक कुमार सिंह ने दिया। मुख्य अतिथि श्री प्रेम प्रकाश ने अपने संबोधन में स्वच्छता को आदत और संस्कार में उतारने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन श्री राजेश कुमार राठौर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आवास मित्रों और समर्पित मानव संसाधनों को योजना की विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराना था। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी आवास मित्रों को उनके जॉब चार्ट, प्रोत्साहन राशि, हितग्राही उन्मुखीकरण, आवास निर्माण कार्य प्रणाली, तकनीकी निर्देश, निर्माण में आवश्यक सामग्री की जानकारी और आवास के नक्शा एवं रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोई ने आवास मित्रों को ग्राम पंचायत स्तर पर पंच, सरपंच, गायंता पुजारी, और ग्राम पंचायत सचिव के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्हें नवीन स्वीकृत आवासों का निर्माण एक वर्ष के भीतर और पूर्व में स्वीकृत आवासों को एक महीने के भीतर पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। इस कार्यशाला में जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा) और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल आवास मित्रों को कार्य के प्रति सक्षम बनाने के लिए था, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण के प्रति जागरूकता फैलाने और लाभार्थियों की समस्याओं को समझने में सहायता करते हैं।

## गंगरेल के पर्यटकों एवं मां अंगारमोती के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं को पढ़ाया गया यातायात का पाठ

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी पुलिस यातायात द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, यातायात नियमों के प्रति अधिक से अधिक आमजनों को जागरूक करने के लिये चलाये जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत उनि. खेमराज साहू एवं चालक आर0 जीवन साहू के द्वारा नवरात्रि पर्व में गंगरेल आने वाले पर्यटकों एवं मॉ अगारमोती के दर्शन के लिए आये श्रद्धालुओं को सड़क दुर्घटना से बचने का उपाय बताया गया गया कि- वाहन चालक:- यातायात नियमों का पालन करें, सावधानी से वाहन चलाये, गतिसीमा का पालन करें, सीटबेल्ट, हेलमेट पहने, मोबाईल फोन का उपयोग न करे, शराब पीकर वाहन न चलाये, सफर के दौरान थकान महसूस होने पर विश्राम करें, पैदलयात्री:- रोड पार करने के लिए हमेशा जेब्रा कासिंग का प्रयोग करें, सावधानी से सड़क पार करें, यातायात संकेतों का पालन करें, दोनो ओर देखकर सड़क पार करे, रात में सावधानी से चले। मोटर सायकल चालक: हेलमेट पहने, सावधानी से वाहन चलाये, यातायात नियमों का पालन करें, लो बीम रोशनी पर वाहन चलाकर हार्न का प्रयोग करे, सड़क के बांये ओर चले। वाहन मालिक:- वाहन की नियमित जाँच करें, वाहन का समय-समय पर मरम्मत करावे, वाहन का बीमा करावे वाहन के दस्तावेज अद्यतन रखें, साथ ही मालवाहक वाहन में सफर नही करने, सफर के दौरान वाहन में लटक कर या ट्राली के उपर बैठकर नही चलने, क्षमता से अधिक नही बैठने, चालको को ओवर स्पीड से वाहन चलाने नही देनें, मालवाहक वाहन में सफर करने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और दुर्घटना होने पर अधिक नुकसान होती है इस प्रकार के उपाय का पालन करके सड़क दुर्घटना से बच सकते है और सुरक्षित यात्रा कर सकते है, बताकर यातायात नियमों से संबधित बैनर, पोस्टर दिखाकर, पाम्पलेट वितरण कर यातायात नियमों का पान करने बताया गया।

## मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित राज्यों में सुरक्षा संबंधी व्यय को लगभग 3 गुना बढ़ाकर 3,006 करोड़ कर दिया

**रायपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता अमित शाह ने हाल ही में वामपंथी उग्रवाद पर समीक्षा बैठक के दौरान यह स्पष्ट कर दिया कि, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मार्च, 2026 तक इस देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।' नक्सलवाद को देश के विकास में सबसे बड़ा नासूर मानने वाले शाह का मानना है कि सुदूर इलाकों और जनजातीय लोगों तक विकास को पहुँचाने के रास्ते में में सबसे बड़ा रोड़ा नक्सलवाद है। नक्सलवाद गाँवों में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएँ, कनेक्टिविटी, बैंकिंग और डाक सेवाएँ नहीं पहुँचने देता है।

भारत को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए कटिबद्ध अमित शाह जब यह ऐलान करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का नामो-निशान मिटा दिया जाएगा, तो बीते वर्षों में शाह के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई के ट्रैक रिकॉर्ड को समझना जरूरी हो जाता है। शाह के ऐलान का आधार भी सॉलिड है क्योंकि आँकड़े बताते हैं कि साल 2019 में अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद से अब तक नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। 30 साल बाद वामपंथी उग्रवाद से संबंधित मृत्यु की संख्या 100 से कम रही, नक्सली हमलों में 72% की कमी आई है जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। शीर्ष 14 नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया गया और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारा जा रहा है। आज बूढ़ा पहाड़ और चकरबंधा जैसे कई क्षेत्र वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में इस साल जनवरी से अब तक कुल 237 नक्सली मारे गए, 812 गिरफ्तार हुए और 723 ने आत्मसमर्पण किया है।

# पीएम आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास मित्रों को मिला प्रशिक्षण

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आवास मित्रों और समर्पित मानव संसाधनों को योजना की विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराना था। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी आवास मित्रों को उनके जॉब चार्ट, प्रोत्साहन राशि, हितग्राही उन्मुखीकरण, आवास निर्माण कार्य प्रणाली, तकनीकी निर्देश, निर्माण में आवश्यक सामग्री की जानकारी और आवास के नक्शा एवं रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोई ने आवास मित्रों को ग्राम



पंचायत स्तर पर पंच, सरपंच, गायंता पुजारी, और ग्राम पंचायत सचिव के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्हें नवीन स्वीकृत आवासों का निर्माण एक वर्ष के भीतर और पूर्व में स्वीकृत आवासों को एक महीने के भीतर पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। इस कार्यशाला में जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा) और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल आवास मित्रों को कार्य के प्रति सक्षम बनाने के लिए था, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण के प्रति जागरूकता फैलाने और लाभार्थियों की समस्याओं को समझने में सहायता करते हैं।

### पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर सढौली ग्राम के तलाब में सुबह एक व्यक्ति के डूब जाने से मौत हो गई।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सढौली निवासी 32 वर्षीय व्यक्ति लोकेश्वर चंद्रवंशी बुधवार सुबह चार बजे मुंह धोने तलाब गया था, उसी दौरान वो तालाब में गिर कर डूब गया जिससे उक्त व्यक्ति की मौत हो गई ,इस घटना को कुछ लोगो के द्वारा उजाला होने के बाद घटना को देखे और इसकी जानकारी परिजनों को देते हुए जानकारी सिटी कोतवाली में दिए।जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को तालाब से निकालकर पंचनामा बनाते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आए ,और शव का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात मृतक के शरीर को परिजनों के हवाले किए। वही जांच के गए ए एस आई टीकाराम ध्रुव ने बताया की उनके परिजनों ने जानकारी दिए की मृतक को मिर्गी बीमारी था जिसके चलते मृतक को कई बार चक्कर आ गया था ,शायद मंजन घिसने के दौरान मृतक को चक्कर आया होगा और वो तलाब में गिर गया,उस समय वहा कोई नही रहा होगा जिससे वो डूब गया।फिलहाल पुलिस विभाग द्वारा घटना पर मर्ग क्रमांक 57 कायम कर विवेचना किया जा रहा है।

## व्यापार समाचार

### सैमसंग गैलेक्सी S24 FE शानदार शुरुआती ऑफ के साथ भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध

**गुरुग्राम:** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी S24 FE की बिक्री शुरू होने की घोषणा की है जो गैलेक्सी AI इकोसिस्टम का सबसे नया प्रोडक्ट है। ये उपभेक्ताओं को प्रीमियम मोबाइल अनुभव प्रदान करता है। आज से, गैलेक्सी S24 FE Samsung.com और सभी बड़े रिटेल स्टोर पर उपलब्ध होगा। AI-आधारित प्रोविज़ुअल इंजन और गैलेक्सी AI के फोटो असिस्ट फीचर पर चलने वाला गैलेक्सी S24 FE , बेहतर कैमरा सेटअप के साथ आता है जो यूजर को अधिक क्रिएटिव बनाता है। 6.7 इंच के डायनैमिक एमोलेड 2X डिस्प्ले, लंबे समय तक चलने वाली 4700mAh की बैटरी और शक्तिशाली एक्सीनॉस 2400 सीरीज़ चिपसेट के साथ यह चलते-फिरते गेमिंग करने के लिए एकदम सही डिवाइस है। गैलेक्सी S24 FE कम्युनिकेशन, प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी को बढ़ाने के लिए प्रीमियम गैलेक्सी AI टूल और इकोसिस्टम कनेक्टिविटी प्रदान करता है - ये सभी एक शानदार डिज़ाइन में पेश किए गए है। गैलेक्सी S24 FE को सैमसंग नॉक्स की मज़बूत सेफ्टी भी हासिल है। गैलेक्सी S24 FE के प्रीमियम कैमरा सेटअप में 50MP वाइड लेंस और 8MP टेलीफ़ोटो लेंस है जिसमें 3× ऑप्टिकल ज़ूम है - दोनों ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन (OIS) के फीचर से लैस हैं। इसके साथ ही इसमें 12MP अल्ट्रा-वाइड लेंस और 10MP सेल्फी कैमरा भी है। FE सीरीज़ से अपनी शुरुआत करने वाली प्रोविजुअल इंजन में बहुत बेहतर तकनीक है जो शानदार डिटेल और सूक्ष्म बनावट के लिए एडवांस AI एल्गोरिदम का इस्तेमाल करती। गैलेक्सी S24 FE में फोटो असिस्ट फीचर इसमें नई जान फूंकता है। गैलेक्सी S24 सीरीज़ के डिवाइसेस के साथ शुरुआत के बाद से गैलेक्सी AI इमेज को संपादित करने और क्रिएटिविटी को बढ़ाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण बन गया है।

### किया ने EV9 और कार्निवल लेमोज़िन के लॉन्च के साथ पेश किया KIN 2.0

**नई दिल्ली :** मशहूर प्रीमियम कार निर्माता कंपनी किया ने एक बार फिर अपनी 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन रणनीति के साथ भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर को नए अंदाज में पेश करने के लिए दूरदर्शी नजरिया अपनाया है। किया 2.0 कंपनी के वाहनों में डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करने पर फोकस किया गया है, जो भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नये बदलाव की शुरुआत करता है। कंपनी ने एकदम नई तकनीकों के साथ इस बदलाव को शुरू करने के लिए भारत में EV9 और कार्निवल लेमोज़िन को लॉन्च किया है। इस तरह, कंपनी ने इंडस्ट्री में बदलाव लाने वाली अपनी छवि को और निखारा है। किया 2.0 में महत्वपूर्ण इनोवेशन किए गए हैं, जिसमें किया कनेक्ट 2.0 और एडवांस्ड व्हीकल टू एव्रीथिंग (V2X) तकनीक शामिल है। किया कनेक्ट 2.0 का मतलब है कि किया का अपडेटेड कनेक्टेड कार प्लैटफ़ॉर्म कई नए इनोवेशन के दरवाज़े खोलता है। नया प्लैटफ़ॉर्म न केवल मैप के लिए बल्कि वाहन डायग्नोस्टिक के लिए भी कंट्रोलर OTA (ओवर द एयर) अपडेट सुविधा देता है। किया कनेक्ट 2.0 के तहत दिया गया OTA, किया को 44 और 27 कंट्रोलर मॉड्यूल के साथ रिमोट पर लेकर नए लॉन्च किए गए EV9 और कार्निवल लेमोज़िन में गड़बड़ी का पहचान और सॉफ्टवेयर अपडेट करने की सहूलियत देता है। किया 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन के साथ एक और बड़ी उपलब्धि व्हीकल-टू-एवरी थिंग (V2X) टेक्नोलॉजी है, जो कनेक्टेड युग में नई संभावनाओं के द्वार खोलती है और खरीदारों की डिजिटल जीवनशैली के साथ सहजता से जुड़ जाती है। इस नजरिए के साथ, किया का लक्ष्य खरीदारों को उनके वाहनों की पूरी कीमत प्रदान करना है और एक ऐसे भविष्य के रास्ते खोलना है जहां मोबिलिटी और कनेक्टिविटी असीम संभावनाए पैदा करती हैं। वर्तमान में, EV9 भारत में एकमात्र ऐसा वाहन है जिसमें V2X क्षमता है। किया बाजार की जांच के बाद इसे अन्य वाहनों में भी लागू करने की योजना बना रही है। किया इंडिया के एमडी और सीईओ श्री ग्वांगू ली ने कहा, किया हमेशा ऐसी संभावनाओं की तलाश करती रहती जिसका न केवल कंपनी पर बल्कि पूरे ऑटोमोटिव इकोसिस्टम पर भी हमेशा के लिए सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। हमने 2019 में भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग में हलचल मचा दी थी, हम अपनी किया 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन रणनीति के साथ 5 साल बाद फिर से ऐसा कर रहे हैं।

### एमवे इंडिया ने उपभोक्ता कल्याण की रक्षा और अपने वितरकों को समर्थन देने के प्रयासों को किया मजबूत

**नईदिल्ली।** उपभोक्ता और वितरक दोनों के हितों और कल्याण की रक्षा के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए, स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन करने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने अपने उत्पादों की अनधिकृत बिक्री के बारे में हितधारकों को शिक्षित करने के लिए एक मजबूत जागरूकता अभियान शुरू किया। इस व्यापक रणनीति में शामिल जोखिमों के बारे में हितधारकों को शिक्षित करने, आपूर्ति श्रृंखला निगरानी बढ़ाने, अपराधियों के खिलाफसख्त उपाय करने और अधिकृत वितरकों के लिए लक्षित सहायता सत्र और संसाधन शामिल हैं। यह कदम यह सुनिश्चित करके उपभोक्ता संरक्षण के लिए एमवे के समर्पण को पुष्ट करता है कि उन्हें प्रामाणिक उत्पाद मिलें एमवे उत्पाद और उनसे जुड़े लाभ केवल एमवे वितरकों या आधिकारिक एमवे वेबसाइट के माध्यम से खरीदे जाने पर ही उपलब्ध होंगे। अनधिकृत बिक्री केवल प्रत्यक्ष बिक्री तक ही सीमित नहीं है। कई कंपनियां इस मुद्दे से जूझ रही हैं जहां उत्पादों को अक्सर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म या तीसरे पक्ष के विक्रेताओं जैसे अनधिकृत चैनलों के माध्यम से वितरित किया जाता है, जो उत्पाद की प्रामाणिकता और उपभोक्ता सुरक्षा को कमजोर करता है। उपभोक्ता सुरक्षा और उत्पाद अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एमवे इंडिया अपने उपभोक्ताओं को संभावित रूप से नकली और हानिकारक उत्पादों से बचाने के लिए अनधिकृत बिक्री के खिलाफ सक्रिय रूप से लड़ रहा है। अनधिकृत विक्रेता अक्सर कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को दरकिनार कर देते हैं जो एमवे इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए लागू करता है कि उपभोक्ता तक पहुंचने वाला प्रत्येक उत्पाद उच्चतम मानकों को पूरा करता है।



## टीम का हुआ ऐलान, ईशान किशन को मिला मौका, मोहम्मद शमी की नहीं हुई वापसी

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारत और बांग्लादेश के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेला जा रहा है. इसी बीच घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी 2024-25 की भी शुरुआत होने वाली है. इस टूर्नामेंट के लिए झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) और बंगाल ने बुधवार को अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. झारखंड ने ईशान किशन को अपना कप्तान बनाया है. वहीं बंगाल की टीम में मोहम्मद शमी को शामिल नहीं किया गया है. बता दें कि रणजी ट्रॉफी की शुरुआत 11 अक्टूबर से हो रही है. ईशान किशन को इससे पहले बुची बाबू टूर्नामेंट में भी झारखंड की कप्तानी सौंपी गई थी. बता दें कि ईशान किशन टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. आखिरी बार वह अफ्रीका के दौरे पर गए थे, जहां मानसिक तनाव को वजह बताते हुए उन्होंने उस दौरे से अपना नाम वापस ले लिया था. इसके बाद उन्हें बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था, तब से लेकर अब तक वे टीम इंडिया में वापसी की राह देख रहे हैं. वहीं दूसरी ओर रणजी ट्रॉफी जिसके लिए बंगाल टीम ने भी अपने 19 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है, जिसमें आकाश दीप को शामिल किया गया है, लेकिन टीम इंडिया के दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नाम शामिल नहीं हैं. बता दें कि बंगाल ने पहले 2 मैचों के लिए अपनी टीम की घोषणा की है. मोहम्मद शमी ने 19 नवंबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से क्रिकेट के मैदान से दूर हैं. बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से उनकी टीम में वापसी की उम्मीद थी, लेकिन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) द्वारा घोषित पहले दो मैच के लिए शमी को टीम में शामिल नहीं किया गया है. ऐसे में अब शमी के खेलने को लेकर संशय बरकरार है. रणजी ट्रॉफी 2024-25 के लिए झारखंड की टीम- ईशान किशन (कप्तान), विराट सिंह (उप कप्तान), कुमार कुशाग्र (विकेट कीपर), नाज़िम सिद्दीकी, आर्यमन सेन, शरणदीप सिंह, कुमार सूरज, अनुकूल रॉय, उत्कर्ष सिंह, सुप्रियो चक्रवर्ती, सौरभ शेखर, विकास कुमार, विवेकानंद तिवारी, मनीषी, रवि कुमार यादव, रौनक कुमार.

## ओलंपिक चैंपियन वैलेरी ऑलमैन बनी दिल्ली हाफ मैराथन के इंटरनेशनल इवेंट एंबेसडर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टोक्यो ओलंपिक और पेरिस ओलंपिक 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली अमेरिकी डिस्कस थ्रोअर वैलेरी ऑलमैन को 20 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन के लिए अंतरराष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर नामित किया गया है। पेरिस में 69.50 मीटर की शानदार थ्रो के साथ ऑलमैन ने एक नया अमेरिकी रिकॉर्ड बनाया, जिससे दुनिया भर में शीर्ष डिस्कस थ्रोअर में से एक के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हुई। उनकी ओलंपिक यात्रा टोक्यो 2020 खेलों में स्वर्ण पदक के साथ शुरू हुई, जिसे उन्होंने 68.98 मीटर के शक्तिशाली पहले थ्रो के साथ



हासिल किया। आयोजकों द्वारा जारी एक बयान में ऑलमैन ने कहा, किसी दौड़ प्रतियोगिता का सबसे सुंदर पहलू यह है कि यह हमें एक समुदाय के रूप में एक साथ लाती है और व्यापक हित के लिए इसे अपना बनाती है। स्टार्ट लाइन केवल एक दौड़ नहीं है; यह सौहार्द, दृढ़ संकल्प, लचीलापन और सीमाओं को लांघने तथा नए व्यक्तिगत मुकाम हासिल करने की हमारी क्षमता का प्रदर्शन है। मुझे खुशी है कि मैं वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए भारत आई हूं और ऐसी चीज का हिस्सा बनी हूं जो भारत के जीवंत रंगों को सामने लाती है। मुझे यह पसंद है। अपनी ओलंपिक जीत के अलावा, ऑलमैन दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता भी हैं, जिन्होंने 2023 में रजत और 2022 में कांस्य पदक जीता है। अप्रैल 2022 में ला जोला में ट्राइटन इनविटेशनल में दर्ज 71.46 मीटर का उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो इतिहास में 15वां सबसे लंबा और लगभग तीन दशकों में सबसे लंबा थ्रो है।

## टी20 रैंकिंग में टॉप-10 में पहुंचे अर्शदीप

### ऑलराउंडर की लिस्ट में नंबर-3 पर हार्दिक

**दुबई( एजेंसी )।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में तीन विकेट लेने के बाद आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। ग्वालियर में भारत ने बांग्लादेश पर 49 रनों से जीत हासिल की, जिसमें अर्शदीप और वरुण चक्रवर्ती ने कुल छह विकेट लिए जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने बल्ले से मुख्य भूमिका निभाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने आठ पायदान की बढ़त बनाते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में आठवां स्थान हासिल किया। यह उनके करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग है, जबकि इंग्लैंड के अनुभवी स्पिनर आदिल राशिद जून में आईसीसी



पुरुष टी20 विश्व कप और पिछले महीने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड की श्रृंखला के पूरा होने के बाद भी नंबर 1 रैंकिंग पर बने हुए हैं। दूसरी ओर, हार्दिक पांड्या की 16 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से खेली गई पारी ने उन्हें टी20 ऑलराउंडरों की नई रैंकिंग में चार पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया और वह इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन (पहले) और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (दूसरे) के करीब पहुंच गए। वह बल्लेबाजों की नई टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सात पायदान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जिसमें आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड शीर्ष पर हैं। अबू धाबी में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की श्रृंखला के समापन के बाद वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में भी कुछ बदलाव हुए हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रोटियाज ने श्रृंखला 2-1 से जीती, लेकिन इस सप्ताह रैंकिंग अपडेट में सबसे अधिक लाभ आयरिश खिलाड़ियों की तिकड़ी को हुआ, जिन्होंने श्रृंखला के अंतिम मैच में 69 रन की जीत के बाद यह उपलब्धि हासिल की।

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, फार्मा और हेल्थकेयर स्टॉक्स में दिख रही तेजी, यहां रही गिरावट

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार आज बुधवार को बढ़त के साथ खुला है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 320 अंक की बढ़त लेकर 81,954 पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 0.23 फीसदी या 178 अंक की बढ़त लेकर 81,813 पर ट्रेड करता दिखाई दिया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान पर और 11 शेयर लाल निशान पर ट्रेड करते दिखे। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी इस समय 0.18 फीसदी या 45 अंक की बढ़त लेकर 25,058 पर ट्रेड करता दिखा। शुरुआती कारोबार में निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान पर और 22 शेयर लाल निशान पर ट्रेड करते दिखाई दिए। निफ्टी पैक के शेयरों में सबसे अधिक तेजी



बीपीसीएल में 2.88 फीसदी, टाटा मोटर्स में 1.98 फीसदी, श्रीराम फाइनेंस में 1.92 फीसदी, टेक महिंद्रा में 1.34 फीसदी और एशियन पेंट में 1.32 फीसदी देखी गई। वहीं, सबसे अधिक गिरावट ओएनजीसी में 1.47 फीसदी, नेस्ले इंडिया में 0.97 फीसदी, ब्रिटानिया में 0.78 फीसदी, हिंडाल्को में 0.64 फीसदी और जेएसडबल्यू स्टील में 0.64 फीसदी देखी गई। सेक्टोरल सूचकांकों की बात करें, तो बुधवार को सबसे अधिक तेजी निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स में 1.15 फीसदी, निफ्टी फार्मा में 1.11 फीसदी, निफ्टी मिडस्मॉल हेल्थकेयर में 0.94 फीसदी, निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.22 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.72 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स में 1.15 फीसदी, निफ्टी रियल्टी में 0.83 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक में 0.87 फीसदी, निफ्टी मीडिया में 0.92 फीसदी, निफ्टी आईटी में 0.66 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.42 फीसदी, निफ्टी ऑटो में 0.56 फीसदी और निफ्टी बैंक में 0.11 फीसदी दिखी। इससे इतर निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.02 फीसदी, निफ्टी मेटल में 0.35 फीसदी और निफ्टी एफएमसीजी में 0.10 फसदी की गिरावट दिखाई दी।

### चीन के शेयरों में गिरावट

**बीजिंग( एजेंसी )।** एशिया के दूसरे बाजारों में तेजी के बावजूद चीन के शेयरों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई। चीन ने जो भारी-भरकम प्रोत्साहन पैकेज का ऐलान किया था, बीजिंग में अधिकारियों की ओर से उन योजनाओं का विवरण निवेशकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका। नतीजा यह हुआ कि हांगकांग के शेयरों में तेजी और गिरावट के बीच उतार-चढ़ाव रहा, हैंग सेंग इंडेक्स 2. 4 प्रतिशत गिरकर 20,418 पर आ गया। पीटीआई की खबर के मुताबिक, यह गिरावट मंगलवार को 9 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद आई थी, क्योंकि व्यापारियों ने हाल ही में तेजी के बाद शेयरों को बेच दिया था। खबर के मुताबिक, आईजी के येप जून रोंग ने कहा कि नए प्रोत्साहन की कमी निराशा का कारण रही है, कई बाजार प्रतिभागियों को उम्मीद थी कि इसकी राजकोषीय नीतियां सितंबर के आखिर में दिए गए वित्तीय बजूका के नक्शेकदम पर चलेंगी, लेकिन मंगलवार की घोषणा में स्पष्ट रूप से कमी थी। शंघाई कंपोजिट 5. 1 प्रतिशत गिरकर 3,311. 02 पर आ गया, जबकि मंगलवार को राष्ट्रीय अवकाश के बाद फिर से खुलने पर इसमें 4. 6 प्रतिशत की तेजी आई थी। शंघाई और शेनझेन बाजारों में कारोबार करने वाले शीर्ष 300 शेयरों पर नज़र रखने वाले सीएसआई300 इंडेक्स में 5.6 प्रतिशत की गिरावट आई। चीनी शेयरों में भारी गिरावट आई, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिला कि बाजार अब आधे-अधूरे वादों को नहीं खरीद रहा है। टोक्यो में, निक्केई 225 इंडेक्स 0.6 प्रतिशत बढ़कर 39,178 पर पहुंच गया। जापानी रिटेलर सेवन एंड होल्डिंग्स के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 10 प्रतिशत से अधिक की उछाल आई, जब बात सामने आई कि कनाडाई सुविधा स्टोर संचालक एलीमेंटेशन काउच-टार्ड ने अपने अधिग्रहण की बोली में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। आम चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए बुधवार को जापान की संसद को भंग किया जाना था।

## ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने 45 सेअधिक शहरों में रक्तदान शिविर का किया आयोजन; 1500 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित




### लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन समूह के संस्थापक अध्यक्ष, श्री प्रभुदयाल अग्रवाल जी की स्मृति में आयोजित

**रायपूर।** भारत के अग्रणी लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन समाधान समूह, ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (टीसीआईइ्ठ) ने 11 से 30 सितंबर तक देशव्यापी रक्तदान अभियान चलाया, जिसमें 1500 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह अभियान 45 से अधिक शहरों में विभिन्न स्थानीय संगठनों के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया, जिनमें चंडीगढ़, हिसार, वाराणसी, हरिद्वार, बेंगलुरु, अहमदाबाद, गुरुग्राम, जयपुर, मुंबई, भिवाड़ी, पुणे, कोल्हापुर, पटना, रायपुर आदि शामिल हैं। यह अभियान हर साल समूह के संस्थापक अध्यक्ष, श्री प्रभुदयाल अग्रवाल जी की जयंती माह के दौरान उनकी स्मृति में आयोजित किया जाता है। उन्हें भारतीय परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का अग्रणी माना जाता है। अपने जीवन काल में उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, ड्राइवरों के स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण जैसेसामाजिक कारणों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका एक सपना देश में 500 से अधिक निजी रक्त बैंकों की स्थापना करना था। इस अभियान में टीसीआई से जुड़े महिला और पुरुष कर्मचारियों, सहयोगियों और भागीदारों ने भाग लिया।

## अमेज़न इंडिया ने स्टार्टअप इंडिया, डीपीआईआईटी के साथ की साझेदारी की ताकि ई-कॉमर्स के ज़रिये स्टार्टअप को सशक्त बनाया जा सके

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** अमेज़न इंडिया ने घोषणा की है कि वह उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के तत्वावधान में स्टार्टअप इंडिया के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि ई-कॉमर्स के ज़रिये अपना व्यवसाय खड़ा करने और बढ़ाने के लिए स्टार्टअप को सशक्त बनाने की दिशा में पहल की जा सके। अमेज़न स्टार्टअप इंडिया पोर्टल पर एक समर्पित पेज के ज़रिये अमेज़न इंडिया के मार्केटप्लेस पर पंजीकरण कर योग्य स्टार्टअप को ई-कॉमर्स के क्षेत्र में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने में मदद करने के लिए स्टार्टअप इंडिया के साथ सहयोग करेगा। अमेज़न स्टार्टअप को समर्पित ऑनबोर्डिंग अनुभव प्रदान करेगा, जिससे उन्हें घरेलू बाजार तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी और साथ ही अमेज़न के नेतृत्व से मार्गदर्शन, बाज़ार से जुड़ने में सहायता और लॉजिस्टिक्स संबंधी मार्गदर्शन भी मिलेगा। इसके अलावा, कंपनी अपने सहेली कार्यक्रम के माध्यम से ई-कॉमर्स में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए स्टार्टअप इंडिया के साथ साझेदारी करेगी। यह सहयोग, भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले छोटे एवं मध्यम आकार के व्यवसायों की ई-कॉमर्स यात्रा को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी शिक्षण कार्यक्रम को आगे बढ़ाएगा। अमेज़न पे, अमेज़न इंसेंटिव्स, अमेज़न बिज़नेस, अमेज़न ट्रांसपोर्ट, एडब्ल्यूएस, अमेज़न एडवरटाइजिंग और मिनी टीवी सहित विभिन्न किस्म की अमेज़न सेवाएं उन महिला स्टार्टअप के लिए उपलब्ध होंगी, जो इस कार्यक्रम का हिस्सा होंगी। इसके दायरे में फैशन, एफएंडबी, वस्त्र (टेक्सटाइल) एवं परिधान, खिलौने और खेल (गेम्स), ऑटोमोटिव, कला एवं फोटोग्राफी, पालतू जानवर एवं पशु, कृषि आदि सहित कई अन्य प्रासंगिक उद्योग आएंगे। इसके अतिरिक्त, अमेज़न स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री (भास्कर) पहल के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्टार्टअप इंडिया के साथ साझेदारी करेगी। भास्कर एक ऐसा मंच है जिसे स्टार्टअप, निवेशक, सलाहकार, सेवा प्रदाता और सरकारी निकायों सहित उद्यमशीलता परितंत्र के भीतर प्रमुख हितधारकों के बीच सहयोग को केंद्रीकृत, सुव्यवस्थित और बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024



## मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और महानवमी की दी बधाई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और महानवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर श्री साय ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि शक्ति की उपासना का महापर्व नवरात्रि पूरे देश में नौ दिनों तक भक्तिभाव से मनाया जाता है। इस दौरान देवी के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के आठवें दिन माता शक्ति के आठवें स्वरूप माता महागौरी और नवमी पर देवी सिद्धिदात्रि स्वरुप की पूजा अर्चना की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्ति का यह पर्व हमें मातृशक्ति की आराधना और सम्मान की प्रेरणा देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ को कर हस्तांतरण के मिले 6070 करोड़ रुपए, सीएम विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री का जताया आभार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ को कर हस्तांतरण के तहत 6070 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। मुख्यमंत्री श्री



विष्णु देव साय ने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि त्योहारों के मौके पर भारत सरकार द्वारा प्रदेशवासियों के लिए यह अनुपम उपहार है। इस राशि से राज्य के वित्तीय संसाधनों को मजबूत करने में मदद मिलेगी, जो विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। इससे जनकल्याण के कार्यों में भी तेजी आएगी। श्री साय ने कहा कि डबल इंजन की हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में लगातार प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

### दुर्गा माता दरबार में एक और डांडिया नाइट आयोजित कर रहा है सुहिणी सोच

**रायपुर (विश्व परिवार)।** 11 अक्टूबर समय 8 से 10:30 तक स्थान दुर्गा माता दरबार शक्ति धाम स्वामी हरिगिरि महाराज



धरमशाला गली नंबर 7 रवि ग्राम तेलीबांधा रायपुर, छत्तीसगढ़ में एक और डांडिया नाइट आयोजित कर रही है सुहिणी सोच महिला मंडल। सुहिणी सोच ने हमेशा की तरह समाज में नेतृत्व कला संस्कार और मेलजोल के विकास के लिए कार्यक्रम करती आई है इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शक्ति धाम तेलीबांधा में मां दुर्गा के दरबार में धार्मिक एवं पारिवारिक माहौल में अष्टमी के उपलक्ष में निशुल्क गरबा का आयोजन कर रही, संस्था की संस्थापिका मनीषा तारवानी अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी सचिव पूनम बजाज व पूर्व अध्यक्ष करिश्मा कमलानी ने बताया कि यह कार्यक्रम बुजुर्गों से लेकर बच्चों के लिए तरह-तरह गेम्स भी आयोजित करेगी कार्यक्रम निर्देशक सोनिया इसरानी जागृति जोतवानी व महिमा लाहोरी ने बताया कि गरबा के समाप्ति के दौरान आकर्षक उपहारों का वितरण विभिन्न केटगरी के अनुसार किया जाएगा द्य निर्णायक गण में विजय तारवानी माही किंगरानी धानवी भावनानी जी शामिल है और अतिथि गण में मुखी श्री हरि राम तलरेजा मुखी डॉ एन डी गजवानी मुखी लालचंद गुलवानी एवं श्री वासुदेव जोतवानी जी विशेष रूप से सम्मिलित होंगे।

# भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मानक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** मानकों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 14 अक्टूबर को विश्व मानक दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर, भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार देश में गुणवत्ता चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टिकोण' की थीम पर विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।







**विधायक अमर अग्रवाल ने वैश्विक स्तर पर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा किये जा रहे कार्य का वर्णन किया**

विश्व मानक दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में, भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को बिलासपुर में 'मानक महोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उद्योगों, ग्राम पंचायतों, सराफा संगठन, व्यापार संगठन एवं मानक क्लब से जुड़े शैक्षणिक संस्थान से 200 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक श्री अमर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ शासन सम्मिलित रहें। श्री अमर अग्रवाल ने अपने संबोधन में जिले में गुणवत्ता जागरूकता पैदा करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने राष्ट्र निर्माण, विश्व व्यापार एवं सभी व्यक्तियों के दैनिक जीवन में मानकों के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने अभिभाषण में यह भी बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो की हॉलमार्किंग गतिविधि ने सोने और चांदी जैसे कीमती वस्तुओं की गुणवत्ता के प्रति उपभोक्ताओं में विश्वास पैदा करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा किये जा रहे कार्य का वर्णन किया तथा उत्पादों का आयात और निर्यात में भारतीय मानक ब्यूरो के योगदान का उल्लेख किया। माननीय विधायक जी ने ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को इस कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री हरीश केडिया, अध्यक्षछत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघएवं श्री कमल सोनी, अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन उपस्थित रहे।

इस वर्ष विश्व मानक दिवस का थीम एक बेहतर विश्व के लिए साझा दृष्टिकोण है जो कि मानव जाति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री सुमित कुमार, निदेशक और प्रमुख, भारतीय मानक ब्युरो रायपुर ने शैक्षणिक संस्थानों में मानक क्लबों की स्थापना, ग्राम पंचायतों, सरकारी अधिकारियों के लिए संवेदीकरण प्रशिक्षण, उद्योगों और जौहरियों के लिए हैंडहोल्डिंग पहल सहित भारतीय मानक ब्युरो की विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी दी। तकनीकी सत्र में, श्री राहुल कुमार गुप्ता, उप निदेशक, भारतीय मानक ब्युरो रायपुर ने विश्व मानक दिवस 2024 की थीम 'एक बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टिकोण' उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे पर प्रस्तुति दी। श्री ऋषव सिन्हा, सहायक निदेशक, श्री आशीष अग्रवाल, सहायक निदेशक, श्री दीपक कुमार साहू, सहायक निदेशकभारतीय मानक ब्युरो रायपुर ने भारतीय मानक ब्युरो की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज बिलासपुर, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल मंगला, बिलासपुर, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृधष्ठे स्कूल लिंगीयाडीह, बिलासपुर, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल तारबहार, बिलासपुर के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्युरो की आउटरीच गतिविधियों में योगदान देने वाले उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया गया।

## एसआरयू ने नवरात्रि के अवसर पर रास गरबा के भव्य आयोजन में विद्यार्थियों ने लगाई चोकड़ी

**ढोलीदा... ढोलीदा... चोगाड़ा तारा छबीला तारा रँगीला तारा... में तीन ताली दो ताली गरबा....**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नवरात्रि के खुशी के अवसर पर, श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने विद्यार्थियों और सभी स्टाफ सदस्यों के लिए एक जीवंत रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया। उत्सव की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और देवी दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ हुई, जिसका नेतृत्व यूनिवर्सिटी के उच्च अधिकारियों ने किया। इस शुभ कार्य ने ऊर्जा, भक्ति और सांस्कृतिक एकता से भरी शुरुआत की।

विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने पारंपरिक दो-ताली और तीन-ताली गरबा शैलियों में नृत्य करते हुए उत्साहपूर्वक गरबा में भाग लिया, गोलाकार संरचनाओं में सुंदर ढंग से आगे बढ़े। गरबा गीतों की धुन और ढोलीदा.. ढोलीदा.. ढोल हय्या मा वागे वागे ढोलीदाज. चोगाड़ा तारा छबीला तारा रँगीला ताराज., नगाड़ा संग ढोल बाजे, ढोल बाजे धांय धांय धम धम धांयज्जैसे लोकप्रिय बॉलीवुड ट्रैक के मिश्रण ने हवा को उत्सव और एकजुटता का माहौल बना दिया। लयबद्ध आंदोलनों, रंग-बिरंगे परिधानों और जीवंत संगीत ने इस कार्यक्रम को एक यादगार अनुभव बना दिया, जिससे यूनिवर्सिटी के सदस्यों में सामुदायिक भावना और सांस्कृतिक विरासत के उत्सव को बढ़ावा मिला।

यूनिवर्सिटी के प्रति-कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को नवरात्रि उत्सव की शुभकामनाएं दी।

## 16 से 30 अक्टूबर तक चलेगा सक्रिय सदस्यता अभियान : संजय श्रीवास्तव

**5 नवंबर को सक्रिय सदस्यों एवं जिला स्तर पर समितियों की होगी घोषणा**

**सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव, रूप कुमारी चौधरी, विकास मरकाम बनाए गए सदस्य**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्यता अभियान 16 से 30 अक्टूबर के बीच होगा अभियान की जानकारी देते हुए सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक मंडल में 200 कुल 1 लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है इस बाबत वर्चुअल राष्ट्रीय कार्यशाला 8 अक्टूबर एवं प्रदेश की कार्यशाला 9 अक्टूबर को संपन्न हुई। 11 से 14 अक्टूबर तक जिलों में प्रत्यक्ष रूप से कार्यशालाएं आयोजित होंगी जिसमे प्रदेश के प्रमुख नेतागण भी शामिल होंगे।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि 1 से 4 नवंबर तक सक्रिय सदस्यता के फॉर्म का सत्यापन व अनुमोदन होगा एवं 5 नवंबर को जिला द्वारा सक्रिय सदस्यों की सूची जारी की जाएगी समिति में सांसद रूपकुमारी चौधरी व विकास मरकाम सदस्य बनाए गए हैं जिला स्तर पर भी इस कार्य हेतु समितियां बनाई गई है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा के सदस्यता अभियान को छत्तीसगढ़ में बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है, लगातार सदस्यता कि संख्या में इजाफा हो रहा है और हर वर्ग के लोगो ने सदस्यता अभियान को लेकर काफी उत्साह दिखाया है ।जिसके फलस्वरूप ही छत्तीसगढ़ ने 36 दिनो में 36 लाख सदस्यो की संख्या को पार कर लिया है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ऊर्जा संरक्षण पर ज़ोर

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा भिलाई में भारतीय रेलवे का सबसे बड़ा 5451 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित





**रायपुर (विश्व परिवार)।** कहते है ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा की बढ़त है इसलिए ऊर्जा का संरक्षण बहुत ही जरूरी है। रेलवे एक विशाल संगठन होने के नाते यहां ऊर्जा का इस्तेमाल एक बड़े स्तर पर किया जाता है। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि ऊर्जा कि खपत संतुलित रूप से कि जाए एवं जहां आवश्यक हो वहां ऊर्जा कि बचत भी की जाए। वर्तमान परिदृश्य में ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया में पर्यावरण को भी काफी नुकसान हो रहा है एवं आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को दूर करने के नये-नये उपाय ढूंढ रहा है। इसी कारण रेलवे जैसे वृहद संगठनो में भी ऊर्जा संरक्षण एवं गैर परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोतों का अधिकाधिक उपयोग जरूरी हो गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडल हैं जो सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना करके, ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) मानदंडों का अनुपालन करते हुए नई इमारतों का निर्माण करके हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रेलवे प्लेटफार्मों, सेवा भवनों, रखरखाव शेड/दुकानों आदि की उपलब्ध छतों का उपयोग करके रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने में बहुत बड़ा काम किया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 2010-11 में 5 किलोवाट प्लांट के प्रावधान के साथ शुरुआत की और अब तक 5451 किलोवाट रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए हैं। ये प्लांट प्रति माह 3.8 लाख यूनिट बिजली पैदा कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रति माह ? 10.1 लाख की बचत हो रही है, जो प्रति माह 315.2 टन $CO_2$ फुटप्रिंट की कमी के बराबर है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने भिलाई में भारतीय रेलवे का सबसे बड़ा सोलर प्लांट स्थापित किया है जिसकी क्षमता 50 मेगावाट है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिनांक 24 फरवरी, 2024 को इस प्लांट को राष्ट्र को समर्पित किया है। उत्पादित सौर ऊर्जा को सीधे 220 केवी पी.जी.सी.आई.एल. सबस्टेशन (कुम्हारी में) में भेजा जाता है और ट्रैक्शन उपयोग के लिए उत्तर पूर्व रेलवे (उत्तर प्रदेश) और दक्षिण पश्चिम रेलवे (कर्नाटक) को भेजा जाता है।

यह प्लांट प्रति माह 69.6 लाख यूनिट बिजली पैदा कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप ?139.1 लाख की बचत हो रही है और प्रति माह 5690.5 टन $CO_2$ उत्सर्जन में कमी आ रही है। इसके अलावा, 34.6 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 7.8 मेगावाट के सौर संयंत्रों की स्थापना के लिए कार्य स्वीकृति के अग्रिम चरण में हैं। इसका उद्देश्य राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए सौर ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए उपलब्ध स्थान के हर इंच का उपयोग करना है।

## फन फेस्टा ग्राउंड में आयोजित गरबा कार्यक्रम में जमकर थिरके रायपुरियंस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर के शैलेन्द्र नगर फन फेस्टा ग्राउंड में लगातार 9 दिनों तक पारिवारिक माहौल में गरबे का आयोजन। इस अवसर पर माता रानी के जयकारों के बीच जमकर थिरके रायपुरियंस।

इस अवसर पर ढोल की थाप पर हजारों लोग थिरकते हुए गरबा में शामिल हुए, जिससे पूरा पंडाल मां दुर्ग की भक्ति में डूब गया। यह आयोजन नवरात्रि के दौरान छत्तीसगढ़ में भक्ति और संस्कृति का प्रतीक है, जिसमें स्थानीय कलाकारों और माता के भक्तगण होते है। इस महोत्सव का उद्देश्य लोगों को एकत्रित करना और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना है। इस गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तों की भागीदारी रही। लगातार 21 वर्षों से गरबे का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमें प्रतिदिन अनेकों उपहार दिए जा रहे है।

### क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन 12 से 19 अक्टूबर तक लालबाग मैदान में

**रायपुर।** क्षेत्रीय सरस मेला-2024 का आयोजन 12 से 19 अक्टूबर तक जगदलपुर शहर के लालबाग मैदान में किया जा रहा है। क्षेत्रीय सरस मेला 2024-बस्तर का उद्घाटन समारोह 12 अक्टूबर सुबह 11 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गृह मंत्री विजय शर्मा करेंगे।









